दैनिक शुभ भास्कर

हर कदम आपके साथ...

E pepar www.Dainik shubh bhaskar, com

झांसी उत्तर प्रदेश, उदयापुर, राजस्थान मध्यप्रदेश, भोपाल, बिहार, दरभंगा पटना, भागलपुर, सिलीगुड़ी, रांची, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

● वर्ष : 1 ● अंक : 87 ● नई दिल्ली, रविवार, 02 जुलाई 2023 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्यः- 04 रूपये

RNIUP HIN/2015/64737



3 बी एन एम यू के कुलसचिव डॉ. मिहिर कुमार ठाकुर दो वर्ष का कार्यकाल पूरा होने ...



6 हूल दिवस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने की शिरकत

# बृजभूषण के खिलाफ आरोपपत्र का संज्ञान लेने पर फैसला सात जुलाई को

**एजेंसी/नई दिल्ली**

दिल्ली की एक अदालत इस बात का फैसला सात जुलाई को करेगी कि महिला पहलवानों का कथित तौर पर यौन उत्पीड़न करने के मामले में भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ दिल्ली पुलिस द्वारा दायर



आरोपपत्र पर संज्ञान लेना है या नहीं। बृजभूषण भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद हैं। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) हरजीत सिंह जसपाल ने दिल्ली पुलिस की इस दलील पर गौर किया कि उसकी जांच अब भी जारी है और एक पूरक आरोपपत्र दाखिल किए जाने की संभावना है। अदालत को इस मसले पर फैसला शनिवार को सुनाना था। न्यायाधीश ने कहा, चूंकि, एफएसएल रिपोर्ट और सीडीआर (कॉल डिटेल रिकॉर्ड) का इंतजार है और इसमें समय लगने की संभावना है, इसलिए मामले को सात जुलाई को विचार के लिए सूचीबद्ध करें।

दिल्ली पुलिस ने छह बार के सांसद बृजभूषण के खिलाफ 15 जून को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 354 (किसी महिला की गरिमा भंग करने के इरादे से उस पर हमला या आपराधिक बल प्रयोग), 354ए (यौन उत्पीड़न), 354डी (पीछा करना) और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत एक आरोपपत्र दाखिल किया था। आरोपपत्र में डब्ल्यूएफआई के निलंबित सहायक सचिव विनोद तोमर को भी आईपीसी की धारा 109 (किसी अपराध के लिए उकसाना, उकसावे के परिणामस्वरूप कोई कृत्य होना और ऐसे कृत्य के लिए दंड का कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं होना), 354, 354ए और 506 के तहत अपराध के लिए नामित किया गया था। वर्तमान मामले के अलावा, एक नाबालिग पहलवान द्वारा लगाए गए आरोपों के आधार पर बृजभूषण के खिलाफ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत एक और प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

# गुजरात हाइकोर्ट ने सामाजिक कार्यकर्ता तीस्ता सीतलवाड़ की जमानत याचिका खारिज की

**एजेंसी/ अहमदाबाद**

गुजरात उच्च न्यायालय ने सामाजिक कार्यकर्ता तीस्ता सीतलवाड़ की एक मामले में नियमित जमानत याचिका शनिवार को खारिज कर दी और उन्हें तत्काल आत्मसमर्पण करने को कहा। अदालत ने टिप्पणी की कि सीतलवाड़ ने लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई सरकार को अस्थिर करने और तत्कालीन मुख्यमंत्री व मौजूदा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की छवि धूमिल कर उन्हें जेल भेजने की कोशिश की। न्यायमूर्ति निर्झर देसाई की अदालत ने 2002 के गोधराकांड के बाद हुए दंगों में निर्दोष लोगों को फंसाने के लिए साक्ष्य गढ़ने से जुड़े एक मामले में सीतलवाड़ की जमानत अर्जी खारिज करते हुए कहा कि उनकी रिहाई से गलत संदेश जाएगा कि लोकतांत्रिक देश में सब कुछ उदारता होता है।अदालत ने मौजूदा समय में अंतरिम जमानत पर रिहा सीतलवाड़ को तत्काल आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया। अदालत ने फैसला सुनाए जाने के



बाद सीतलवाड़ के वकील की ओर से 30 दिन तक आदेश के अमल पर रोक लगाने के अनुरोध को भी मानने से इनकार कर दिया। अहमदाबाद पुलिस की अपराध शाखा द्वारा दर्ज एक मामले में सीतलवाड़ को पिछले वर्ष 25 जून को गुजरात के पूर्व पुलिस महानिदेशक आर बी श्रीकुमार और पूर्व आईपीएस अधिकारी संजीव भट्ट के साथ गिरफ्तार किया था। सीतलवाड़ और अन्य पर गोधरा कांड के उपरांत हुए दंगों के पश्चात निर्दोष लोगों को फंसाने के लिए साक्ष्य गढ़ने का आरोप हैं। उन्हें दो सितंबर 2022 को उच्चतम न्यायालय ने अंतरिम जमानत दी थी।

## ख़ास ख़बर

### जगन्नाथ रथयात्रा में चेहरा पहचानने की तकनीक से पकड़े गए 90 झपटमार

**पुरी।** ओडिशा के पुरी में इस साल वार्षिक जगन्नाथ रथयात्रा के दौरान चेहरे की पहचान करने वाले सॉफ्टवेयर और भीड़ के व्यवहार का विश्लेषण करने में प्रशिक्षित पुलिस द्वारा गठित एक विशेष दल ने 90 झपटमारों को गिरफ्तार किया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने कहा कि कानून प्रवर्तकों ने चोरी किए गए 60 मोबाइल फोन उनके मालिकों को लौटाए। हाल के वर्षों में, पुलिस द्वारा बड़े आयोजनों की निगरानी के लिए चेहरे की पहचान और कृत्रिम बुद्धिमता प्रमुख उपकरण बन रहे हैं।

### हम दिल्ली में विशाल बिहू नृत्य का आयोजन करेंगे : हिमंत शर्मा

**डिब्रूगढ़(असम)।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को कहा कि इस साल के शुरू में राज्य में बड़े पैमाने पर बिहू नृत्य का आयोजन करने और उसके रिकॉर्ड बुक में दर्ज होने के बाद वह अब उससे भी बड़े पैमाने पर राष्ट्रीय राजधानी में इसके आयोजन की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि राज्य सरकार द्वारा नृत्य की इस विधा को प्रोत्साहित करने के लिए उठाए जा रहे कदमों की वजह से जल्द ही बिहू देश में लोकप्रिय नृत्य विधा होगी। शर्मा विशाल बिहू नृत्य प्रस्तुति में डिब्रूगढ़ से शामिल हुए कलाकारों को सम्मानित करने के लिए आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि 13 अप्रैल को गुवाहाटी के सरुसजाई खेल परिसर में आयोजित बिहू नृत्य में 11,000 से अधिक नृत्यांगनाओं और ढोल वादकों ने हिस्सा लिया और उन्हें मान्यता देने के लिए शुक्रवार से दो दिनों तक राज्य भर में कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें विभिन्न मंत्रियों ने हिस्सा लिया। गुवाहाटी में आयोजित बिहू नृत्य ने दो गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाए, पहला एक ही स्थान पर सबसे बड़ा बिहू नृत्य का आयोजन। दूसरा, एक ही स्थान पर सबसे बड़ा ढोल (पारंपरिक ताल निर्देश) वादन। शर्मा ने कहा कि सरकार दिल्ली में बिहू नृत्य का आयोजन करेगी।

# बस में आग 5 की मौत

## शाह ने ट्वीट किया, महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले में हुआ सड़क हादसा हृदय विदारक है।

**एजेंसी/ नागपुर**

महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले में समृद्धि एक्सप्रेस-वे पर एक बस के खंभे और डिवाइडर से टकराकर पलट जाने के बाद उसमें आग लगने से 25 यात्रियों की झुलस कर मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। हादसे में बस चालक और खलासी समेत आठ लोग बच गए।प्रारंभिक जांच से ऐसा प्रतीत होता है कि चालक को झपकी आ गई और उसने वाहन से नियंत्रण खो दिया। चालक के खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चलाने का मामला दर्ज किया गया है। एक निजी बस नागपुर से पुणे जा रही थी, लेकिन रास्ते में बुलढाणा जिले के सिंदखेडराजा के पास रात करीब डेढ़ बजे बस पहले एक खंभे और फिर डिवाइडर से जा टकराई और इसमें आग लग गई।




बुलढाणा के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, डिवाइडर से टकराने के बाद बस दाहिनी ओर गिर गई जिससे बस के प्रवेश और निकास द्वार से निकलना लगभग नामुमकिन हो गया। कुछ ही मिनटों में गाड़ी में आग लग गई। कुछ यात्री टूटी खिड़कियों से बाहर निकलने में सफल रहे। चूंकि अधिकतर शव जल गए हैं, इसलिए अधिकारियों ने उन्हें उनके रिश्तेदारों को सौंपने से पहले पहचान सुनिश्चित करने के लिए डीएनए जांच कराने का निर्णय लिया है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने दुर्घटना की जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने हादसे में जान गंवाने वाले यात्रियों के परिजन को पांच-पांच लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और अन्य नेताओं ने हादसे पर दुख व्यक्त किया है। बुलढाणा के पुलिस अधीक्षक (एसपी) सुनील कडासने ने बताया कि पूछताछ के बाद चालक के खिलाफ एक मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि विदर्भ ट्रैवल्स की बस शुक्रवार शाम चार बजे नागपुर से पुणे के लिए निकली थी। यात्रियों के रात्रिभोजन के लिए बस यवतमाल जिले के कारंजा में रुकी थी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि इसके बाद बस ने 60-70 किलोमीटर प्रति घंटे की औसत गति से लगभग ढाई घंटे में करीब 150 किलोमीटर की यात्रा की। उन्होंने कहा कि वाहन की गति मुद्दा नहीं हो सकती है और प्रथम दृष्टया यह मानवीय चूक का परिणाम लगता है। उन्होंने कहा, चालक को शायद झपकी आ गई होगी। बस दाहिनी ओर गई और पहले क्रैश बैरियर और फिर डिवाइडर से टकरा गई। एक स्थानीय निवासी ने कहा कि जीवित बचे लोगों ने उसे बताया कि उन्होंने राजमार्ग पर गुजर रहे अन्य वाहनों के यात्रियों से मदद मांगी, लेकिन कोई नहीं रुका।

अधिकारियों ने बताया कि चालक ने दावा किया कि टायर फट गया था। हालांकि अमरावती के क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि दुर्घटना का कारण टायर फटना नहीं हो सकता क्योंकि घटनास्थल पर रबर के टुकड़े या टायर के निशान नहीं मिले हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले साल दिसंबर में नागपुर-मुंबई समृद्धि महामार्ग के 520 किलोमीटर लंबे पहले चरण का उद्घाटन किया था। मुख्यमंत्री शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने दोपहर में दुर्घटनास्थल का दौरा किया। शिंदे ने दुर्घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और एक्सप्रेस-वे पर चालकों को वाहन चलाते समय सावधानी बरतने की आवश्यकता पर बल दिया। दुर्घटनास्थल पर पत्रकारों से उन्होंने कहा कि नागपुर-मुंबई समृद्धि एक्सप्रेस-वे पर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए उपाय किए जाएंगे। उन्होंने कहा, समृद्धि एक्सप्रेस-वे पर अब तक ज्यादातर हादसे मानवीय गलतियों के कारण हुए हैं। हालांकि, सरकार ने इस दुर्घटना को गंभीरता से लिया है और यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जाएंगे कि दुर्घटनाएं ना हों। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुलढाणा में हुई भीषण बस दुर्घटना पर दुख जताया और मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

राष्ट्रपति मुर्मू ने ट्वीट किया, महाराष्ट्र के बुलढाणा में हुई भीषण दुर्घटना बेहद परेशान करने वाली है, जिसमें बच्चों और महिलाओं सहित कई अनमोल जिंदगियां खत्म हो गईं। उन्होंने कहा, शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। ईश्वर उन्हें इस दुख को सहन करने की शक्ति दे। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट किया, महाराष्ट्र के बुलढाणा में हुई भीषण बस दुर्घटना की खबर सुनकर दुखी हूं। मृतकों के परिजनों के प्रति मेरी संवेदनाएं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। स्थानीय प्रशासन प्रभावितों को हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है। शाह ने ट्वीट किया, महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले में हुआ सड़क हादसा हृदय विदारक है। दुःख की इस घड़ी में, मेरी संवेदनाएं इस भीषण हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों के साथ हैं। प्रशासन द्वारा घायलों को त्वरित उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। मैं ईश्वर से उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने ट्वीट करके कहा कि हादसे में यात्रियों की मौत बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और दुखद है। फडणवीस ने कहा, बुलढाणा के पुलिस अधीक्षक द्वारा दी गई प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, विदर्भ ट्रैवल्स की बस एक खंभे से टकरा गई और इसका डीजल टैंक फट गया, जिससे उसमें आग लग गई। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि समृद्धि एक्सप्रेस-वे पर दुर्घटनाएं रोकने के लिए एक स्मार्ट सिस्टम स्थापित किया जा रहा है। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने बस हादसे में जान गंवाने वालों के प्रति शोक व्यक्त किया और राज्य की एकनाथ शिंदे सरकार पर समृद्धि एक्सप्रेस-वे पर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कुछ नहीं करने का आरोप लगाया। ठाकरे ने एक बयान में कहा कि बुलढाणा में हुई इस दुर्घटना से सरकार की आंखें खुल जानी चाहिए।

# अमरनाथ यात्रा है हमारी विरासत का दिव्य एवं भव्य स्वरूप: नरेन्द्र मोदी



**एजेंसी/ नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को शुरू हुई अमरनाथ यात्रा को हमारी विरासत का दिव्य एवं भव्य स्वरूप बताया है।एक ट्वीट में उन्होंने लिखा, श्री अमरनाथ जी की यात्रा हमारी विरासत का दिव्य एवं भव्य स्वरूप है। मेरी कामना है कि बाबा बर्फानी के आशीर्वाद से सभी श्रद्धालुओं के जीवन में नए उत्साह एवं नई ऊर्जा का संचार हो। साथ ही, अमृत काल में हमारा देश संकल्प से सिद्धि की ओर तेजी से आगे बढ़े। जय बाबा बर्फानी। श्रद्धालुओं का पहला जत्था आज सुबह बालटाल के आधारशिविर से दक्षिण कश्मीर के हिमालय स्थित बाबा बर्फानी की पवित्र अमरनाथ गुफा के लिए रवाना हुआ।

# संकट के शांतिपूर्ण समाधान की मांग को लेकर मणिपुर में प्रदर्शन

**एजेंसी/ इंफाल**

राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) को लागू करने और मौजूदा संकट के शांतिपूर्ण समाधान की मांग को लेकर लोगों ने शनिवार को मणिपुर की इंफाल घाटी में कई स्थानों पर प्रदर्शन किया। इंफाल पूर्वी जिले के खुरई में महिलाओं ने बड़ी संख्या में राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने के किसी भी प्रयास के विरोध में धरना दिया और मुख्यमंत्री बीरेन एन सिंह को अपना समर्थन दिया। असम के कछार जिले की सीमा से लगते जिरीबाम जिले में महिलाओं ने एक रैली निकाली और मुख्यमंत्री तथा विधायकों से इस्तीफा न देने का आग्रह करते हुए कहा कि यह उग्रवादियों के सामने आत्मसमर्पण करने के समान होगा।




ये प्रदर्शन एन बीरेन सिंह द्वारा यह स्पष्ट किए जाने के एक दिन बाद हुए कि वह पद से इस्तीफा नहीं देंगे। उनके स्पष्टीकरण से पहले शुक्रवार को हजारों प्रदर्शनकारियों ने उनके काफिले को राजभवन की ओर बढ़ने से रोक दिया था। अंततः मुख्यमंत्री ने महिला प्रदर्शनकारियों से कहा कि वह इस्तीफा नहीं दे रहे हैं। उन्होंने ट्वीट किया, इस संकट की घड़ी में मैं स्पष्ट करना चाहूंगा कि मैं मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं दूंगा। अपुष्ट खबरों में कहा गया कि मुख्यमंत्री ने त्यागपत्र टाइप कर लिया था, लेकिन उनके समर्थकों ने उन्हें इसे फाड़ने के लिए मना लिया।


# आज पता चलेगा कर्नाटक विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष कौन होगा

**बेंगलुरु/चिक्कमगलुरु।** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता बसवराज बोम्मई ने कहा कि रविवार तक पता चल जाएगा कि राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष कौन होगा। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, तीन जुलाई से शुरू हो रहे विधानमंडल सत्र से पहले अपने नेता का चुनाव करने के लिए रविवार को भाजपा विधायक दल की बैठक होने की संभावना है। नेता प्रतिपक्ष कौन होगा, इस सवाल के जवाब में बोम्मई ने शनिवार को चिक्कमगलुरु में संवाददाताओं से कहा, यह निश्चित रूप से कल शाम को पता चल जाएगा।

# महाराष्ट्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने में शिंदे सरकार नाकाम : पवार

**एजेंसी/ पुणे**

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष शरद पवार ने शनिवार को एकनाथ शिंदे सरकार पर महाराष्ट्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने में विफल रहने को लेकर निशाना साधा। शिंदे सरकार ने 30 जून को सत्ता में एक साल पूरा किया है। उद्धव ठाकरे के खिलाफ बगावत करने वाले शिंदे शिवसेना के विभाजन के बाद पिछले साल 30 जून को मुख्यमंत्री बने। शिंदे ने महाविकास अघाड़ी गठबंधन की सरकार से अलग होने का फैसला



किया था, जिसमें पवार की राकांपा और कांग्रेस भी शामिल थी। एकनाथ शिंदे-देवेंद्र फडणवीस सरकार की पहली वर्षगांठ को लेकर पूछे गए सवाल पर पवार ने कहा, राज्य में कानून व्यवस्था को लेकर एक गंभीर सवाल है। महिलाओं पर हमले, कोयता (धारदार हथियार) वाले गिरोह गंभीर मुद्दा है। राज्य सरकार कानून व्यवस्था बनाए रखने में नाकाम साबित हुई है। विपक्ष, कुछ जगहों पर मुगल शासक औरंगजेब और 18वीं सदी के मैसूर शासक टीपू सुल्तान के पोस्टर लगाने को लेकर सांप्रदायिक उन्माद भड़काने के साथ-साथ महिलाओं पर अपराध को लेकर शिंदे सरकार पर हमला बोल रहा है।

## बारिश

## भारी बारिश के कारण वे वहां फंस गए और इलाके में पानी भर जाने के बाद बिजली के खंभे पर चढ़ गए।

# जूनागढ़ में बाढ़ के बीच बिजली के खंभे पर घंटों चढ़े रहने को मजबूर दो लोगों को विमान से बचाया गया

**एजेंसी/ अहमदाबाद**

गुजरात के जूनागढ़ जिले के निचले इलाके में भारी बारिश के कारण आई बाढ़ के बीच घंटों बिजली के खंभे पर चढ़े रहने के लिए मजबूर हुए दो लोगों को वायुसेना के विमान ने शनिवार को बचाया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। जिलाधिकारी अनिल राणावसिया ने बताया कि जूनागढ़ जिला प्रशासन ने केशोद तालुका के सुत्रेज गांव के पास फंसे



दो लोगों को बचाने के लिए मदद मांगते हुए वायुसेना का हेलीकॉप्टर भेजने को कहा था। भारी बारिश के कारण इलाके में पानी भर गया था। उन्होंने बताया कि दोनों ग्रामीण शुक्रवार शाम को अपने खेत में गए थे और बाढ़ के कारण वापस लौट नहीं पाए थे। राणावसिया ने कहा कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की एक टीम दोनों को बचाने के अपने प्रयास में विफल रही और अंततः उन्हें शाम चार बजे भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टर द्वारा एयरलिफ्ट किया गया और चिकित्सा जांच के लिए जामनगर वायुसेना अड्डा ले जाया गया। जिलाधिकारी ने कहा, स्थानीय सरपंच द्वारा चेतावनी दिए जाने के बावजूद दो व्यक्ति कल शाम अपने खेत में चले गए। भारी बारिश के कारण वे वहां फंस गए और इलाके में पानी भर जाने के बाद बिजली के खंभे पर चढ़ गए। उन्होंने कहा कि दोनों ने अपने मोबाइल फोन से खुद को बचाने के लिए संपर्क किया, जिसके बाद एनडीआरएफ की एक टीम बचाव अभियान में जुट गई।अधिकारी ने कहा, चूंकि, यह गांव बेहद अंदरूनी इलाके में है। इसलिए एनडीआरएफ की टीम खेत में फंसे इन दो लोगों से लगभग 200 फुट पीछे रह गई। जब हमें एहसास हुआ कि टीम उन तक पहुंचने में सफल नहीं होगी, तब हमने राज्य सरकार से फंसे हुए लोगों को एयरलिफ्ट करने का अनुरोध किया। अधिकारी के मुताबिक, राज्य सरकार के समन्वय से जामनगर वायुसैनिक अड्डे से एक हेलीकॉप्टर भेजा गया, जिसकी मदद से दोपहर साढ़े तीन बजे से शाम चार बजे के बीच इन दोनों लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया।

# दस राज्यसभा सीटों पर 24 जुलाई को होंगे मतदान

**एजेंसी/ तिरुवनंतपुरम**

केरल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष वी डी सतीशन ने वर्ष 2018 की एक पुनर्वास परियोजना के सिलसिले में उनके खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा की जा रही जांच का स्वागत किया, जिसे लेकर मीडिया के एक धड़े में कई खबरें प्रकाशित की गई हैं। उन्होंने कहा कि वह केंद्रीय एजेंसी का जांच में पूरी तरह से सहयोग करेंगे। तिरुवनंतपुरम में सचिवालय के सामने संवाददाताओं से बातचीत में सतीशन ने कहा कि यह स्वभाविक है कि जिस मामले की प्राथमिक जांच राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो (वीएसीबी) ने की है, उसकी जांच प्रवर्तन निदेशालय भी करेगा। वीएसीबी ने सतीशन के खिलाफ अपने निर्वाचन क्षेत्र में एक परियोजना के लिए विदेशी चंदा (नियमन) अधिनियम (एसीआरए) का कथित उल्लंघन कर विदेश से चंदा लेने के आरोप में जांच शुरू की है।

## ख़ास ख़बर

## कोसी नदी के जल स्तर में हुई बृद्धि से पूर्वी कोसी तटबंध के 117,15 किमी स्पर पर दबाब बाधा



**अभिषेक आनन्द /दैनिक शुभ भास्कर, वीरपुर/सुपौल/**जिले के बिरपूर अनुमंडल में कोसी नदी का जलस्तर में हुई वृद्धि कोसी नदी का डिस्चार्ज कोसी बराज पर शुक्रवार की शाम चार बजे बढ़ते क्रम में 1 लाख तेरह हजार 935 क्यूसेक रिकॉर्ड किया गया।कोसी नदी में जल का व्रद्धि होते ही स्पेरो पर नदी का दवाब बढ़ने लगा। कोसी नदी के जल स्तर में बृद्धि होते ही कोसी नदी तटबंध के स्पर पर अपना दबाब बनाना शुरू कर दिया है। कर्यपालक अभियंता पूर्वी तटबंध प्रमंडल कोप्टिया ने शुक्रवार को अपने भेजे खैरियत रिपोर्ट में चीफ इंजीनियर बाढ़ एवं जलनिस्सरण वीरपुर को सूचित किया है कि पुर्वी कोसी तटबंध के 117,15 किमी स्पर के निकट से कोसी नदी बह रही है। जिससे स्पर के डाउन स्ट्रीम में पूर्व में कराए गए बॉल्डर क्रेटइनिंग का 20 मीटर का हिस्सा सिंक कर रहा था ।स्तिथि को देखते हुए वहाँ फ्लड फाइटिंग का कार्य कराकर स्पर को सुरक्षित कर लिया गया है।

## क्षेत्र भ्रमण के दौरान, छातापुर पहुंचे क्षेत्रीय सांसद दिलेश्वर कामेत, कार्यकर्ताओं ने किया भव्य रूप स्वागत



**सोनू भगत/दैनिक शुभ भास्कर, छातापुर, सुपौल/**जिले में छातापुर प्रखंड मुख्यालय स्थित सदर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मकसूद मसन के आवास पर क्षेत्र भ्रमण के दौरान सुपौल सांसद दिलेश्वर कामेत पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं व आमजनो का अभिवादन किया। जबकि धर्मालंबियों को बकरीद पर्व की बधाई दी। मौके पर इलाके के कई पार्टी कार्यकर्ता,जनप्रतिनिधि व आमजन भारी तादाद में मौजूद थे। इस दौरान कार्यकर्ताओं द्वारा सांसद श्री कामैत, इस्तियाक आलम समेत अन्य अतिथियों का माला पहनाकर कर स्वागत किया। इस मौके पर सांसद ने क्षेत्र भ्रमण अभियान के उदेश्य पर विस्तार से प्रकाश डाला और लोगों से पार्टी को समर्थन देने की अपील किया।कहा किइु सूबे के मुखिया नीतीश कुमार बिहार की चहुमुखी विकास तीव्र गति से करते हुए पूरे सूबे को विकासात्मक रौशनी से जगमगाने में पूर्ण संकल्पित होकर लगे हुए है। जिसके तहत सड़क से लगभग हर गांव को जोड़ दिया गया है। वही स्वच्छ जल, बिजली, स्कूल आदि का कार्य भी हुआ है। इसके तहत हर गांव पंचायत प्रखंड को स्वच्छ बनाने को लेकर कार्य किया जा रहा है। रेलवे का कार्य को भी गति दी गई है। इस दौरान सांसद ने लोगों से क्षेत्रीय समस्याओं को भी सुनी।मौके पर मधेपुरा जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष इकबाल आलम, सिंहेश्वर प्रखंड प्रमुख सह युवा जदयू नेता इस्तियाक आलम, पंचायत समिति सदस्य मो. नूरुद्दीन, मकसूद मसन, मो हारून, मो पिंकू, मो इंतियाज आदि थे।

## बैंक दिवस के मौके पर सीएसपी संचालक सुजीत उर्फ छोटू ने ग्राहकों में वितरित की टॉफी व कलम



**एक संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, राघोपुर, सुपौल/**जिले के राघोपुर प्रखंड अंतर्गत करजाईन बाजार में एसबीआई का स्थापना दिवस बैंक दिवस के रूप में शनिवार को मनाया गया। इस दौरान करजाईन बाजार के सीएसपी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सीएसपी संचालक सुजीत कुमार उर्फ छोटू ने अपने सीएसपी परिसर में मौजूद ग्राहकों के बीच टॉफी व कलम का वितरण कर बैंक से संबंधित विशेष जानकारियां दी गई। वहीं करजाईन थाना के सामने स्थित सीएसपी के संचालक अभिनव कुमार के केंद्र में भी स्थापना दिवस मनाया गया। इस मौके पर सीएसपी संचालक ने बैंकिग संबंधित जानकारी देते हुए बताया कि देश के सबसे बड़े बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की स्थापना 1 जुलाई को ही हुई थी।

# 19साल बाद बना विशेष संयोग दो महीने का श्रावण मास, आचार्य धर्मेंद्रनाथ मिश्र

### 4जुलाई से 31 अगस्त का श्रावण मास, जिसमें 17 जुलाई से 16 अगस्त तक अधिक मास यानी मलमास रहेंगे



**एक संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, राघोपुर ,सुपौल/** जिले के राघोपुर प्रखंड अंतर्गत श्रावण मास में आशुतोष भगवान शंकर की पूजा का विशेष महत्व है। श्रावण मास में जो प्रत्येक दिन पूजन ना कर सकें उन्हें सोमवार को शिव पूजा अवश्य ही करनी चाहिए और व्रत भी रखना चाहिए। सोमवार भगवान शंकर का प्रिय दिन है अतः सोमवार को शिव आराधना रुद्राभिषेक इत्यादि जो शिव का विशेष पूजन है । प्रत्येक व्यक्ति को अवश्य ही करनी चाहिए। इसी प्रकार मासों में श्रावण मास भगवान शंकर को विशेष प्रिय है। श्रावण मास में जितने भी सोमवार पढ़ते हैं उन सब में शिवजी का व्रत उपवास किया जाता है। इस बार दिनांक 17 जुलाई से मलमास भी पड़ रहा है। मलमास वा अधिक मास अर्थात पुरुषोत्तम मास परने के कारण इस बार श्रावण मास 2 महीने का हो गया है ।यह संजोग 19 वर्ष के बाद प्राप्त हो रहा है। निश्चित रूप से शिव भक्तों के लिए यह 2 मास का श्रावण विशेष मनोरथ की प्राप्ति कराने के लिए ही ऐसा संजोग बना हुआ है। 16 अगस्त को मलमास का विश्राम हो जाएगा एवं 7 जुलाई से नविवाहिताओं का विशेष पर्व मधुश्रा वणी व्रत शुभारंभ और 19अगस्त को विश्राम हो जाएगा। तथा 21 अगस्त को नाग पंचमी और 23 अगस्त को शीतला पूजा होंगे।इसवार दो महीने के श्रावण मास में 8 सोमवार का योग बनता है। वैसे तो श्रावण मास का प्रत्येक दिन शिव पूजा के लिए सर्वोत्तम माना गया है। उसमे से 8 सोमवार परने से शिव भक्तों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है।द्वितीय श्रावण कृष्ण पक्ष 2 अगस्त से आरंभ कर द्वितीय श्रावण शुक्ल पक्ष यानि 31 अगस्त तक श्रावणी पूर्णिमा तक रक्छाबन्धन पर्व के साथ श्रावण मास विश्राम हो जायेंगे।प्रथम सोमवार व्रत दिनांक 10 जुलाई तक।दूसरा सोमबार का व्रत दिनांक 17 जुलाई को, तीसरा सोमवार व्रत 24 जुलाई को, चौथा सोमवार व्रत दिनांक 31 जुलाई को, पांचवां सोमवार व्रत दिनांक 7अगस्त को, छठा सोमवार व्रत दिनांक 14 अगस्त को, सातवां सोमवारी व्रत दिनांक 20 अगस्त को नाग पंचमी के साथ तथा आठवां एवं अंतिम सोमवारी व्रत दिनांक 28 अगस्त को विश्राम हो जाएगा।विशेष द्वितीय श्रावण कृष्ण पक्ष दिनांक 2अगस्त से दिनांक 17 अगस्त तक मलमास ही रहेंगे।मलमास से अतिरिक्त सोम जो शुद्ध सोम होगा वह दो ही बचे रहेंगे। दिनांक 21अगस्त को एवं 28 अगस्त को। श्रावण मास में की गई कोई भी साधना पूर्ण फलदायक होती ही है, क्योंकि इस मास का प्रत्येक दिवस शुभकामनाओं सिद्धि प्रदायक अमृत महोत्सव की गरिमा को अपने अंदर समेटे हुए होता है ।श्रावण मास भूत भावन भोलेनाथ का मांस है ।इसे इस पूरे मास में यदि पूर्ण श्रद्धा एवं विधि पूर्वक दूध, दही ,घृत ,मधु,पंचामृत, बिलिपत्र, आंक के फूल, पत्र ,पुष्प फल ,आदि के द्वारा पूजा आराधना किया जाए तो निश्चित रूप से भक्तों की समस्त मनोवांछित फल पूर्ण होते हैं ।श्रावण मास में शिव की कृपा तो प्राप्त होती ही है उसके साथ साथ व्यक्ति पर पूर्ण जीवन काल तक लक्ष्मी जी की कृपा भी बनी रहती है ,क्योंकि मां पार्वती स्वयं अन्नपूर्णा लक्ष्मी स्वरूपा हैं ।यदि जीवन में सुख प्राप्त करना हो तो श्रावण मास में शिव पूजन अवश्य ही करनी चाहिए।

## आनंदीपट्टी में गण्यमान लोगों ने मृत्यु भोज का बहिष्कार करने का लिया संकल्प



**अमरेश कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, पिपरा, सुपौल/**जिले में पिपरा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत पिपरा के आनंदीपट्टी गांव के ग्रामीणों ने मृत्यु भोज का बहिष्कार करने और कराने को लेकर एक बैठक आयोजित कर श्राद्ध कर्म में होने वाली भोज नहीं करने और खाने को लेकर आनंदीपट्टी वासियों ने लिया संकल्प। समाज में मृत्यु भोज एक कलंक के रूप में फैल चुका है। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोग कर्ज में डूबकर भोज करते हैं ऐसा नहीं करने पर सामाजिक दबाव भी बनाया जाता है।इस कुरीतियों को रोकने के लिए पिपरा नगर पंचायत के मुख्य पार्षद मनोज कुमार सिंह के अध्यक्षता में आनंदीपट्टी गांव की गण्यमान लोगों की एक बैठक शुक्रवार को चेयरमैन की निज आवास पर आयोजित हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मृत्यु भोज पूर्ण रूप से बंद होना चाहिए। जिसको लेकर बैठक में मौजूद सभी लोगों ने इस प्रस्ताव को स्वीकार किया और स्टांप पेपर पर लिखित रूप से यह निर्णय लिया गया कि जो व्यक्ति मृत्यु भोज करेंगे वें सामाजिक दंड के भागीदार होंगे। वहीं यह निर्णय लिया गया कि किसी भी स्थिति में कोई भी व्यक्ति मृत्यु भोज खाने नहीं जाएंगे। जो लोग भोज खाने जाएंगे उन्हें भी सामाजिक दंड दिया जाएगा। इससे समाज में गरीब लोगों को बहुत बड़ी राहत मिलेगी। एक तरफ जहां लोगों के परिवार में किसी की मृत्यु हो जाती है तो उस परिवार के लोग सदमे में रहते हैं। वहीं दूसरी तरफ यह एक सामाजिक कुरीतियां है जो उपर से वैसे लोगों को मृत्यु भोज करने में आर्थिक नुकसान होता है। लोग कर्जा लेकर भोज करते हैं यह एक अभिषाप है। अध्यक्ष ने बताया इसके लिए लोगों को जागरूक भी किया जाएगा। ताकि इसका असर दूसरे पंचायतों पर भी परेगा और आने वाले समय में हर एक लोग इसका विरोध करेंगे। इस मौके पर सरयुग प्रसाद दास, जीतेन्द्र कुमार सिंह,डॉक्टर विभूति सिंह, अमरेन्द्र सिंह, संजीव कुमार सिंह, प्रतीक सिंह राजपूत, कुन्दन दास, राजा लाल दास, बिजली प्रसाद सिंह, सुधीर कुमार सिंह, महिपाल सिंह,बीरेंद्र सिंह,पन्ना सिंह, शंभू नारायण दास,अर्जुन कामत, बमबम सिंह,प्रतीक सिंह, सहित सेकरो की संख्या में लोग मौजूद थे।

## महेंद्र प्रसाद साहू को तेली साहू समाज के उपाध्यक्ष चुने जाने पर कार्यकर्ताओं ने फूल माला से किया स्वागत



**सरोज कुमार/दैनिक शुभ भास्कर ,किशनपुर ,सुपौल/**जिले के किसनपुर प्रखंड में तेली साहू समाज के उपाध्यक्ष चुने जाने पर साहू समाज के लोगों ने पटना से लौटने के क्रम में महेंद्र प्रसाद साहू को गोलंबर के समीप फूल माला देकर सम्मानित किया।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि साहू समाज के लोग पूर्व से ही पिछड़े हुए हैं। जिसका नतीजा है कि अभी के समय में पूरे देश भर में साहू समाज के कुल 7 प्रतिशत वोट रहने के बावजूद भी अभी तक किसी भी राजनीतिक दलों के द्वारा इन समाज को सही हक नहीं दिया गया है। जिसको हम लोगों ने हमेशा से महसूस करते आए हैं।

आगामी लोकसभा चुनाव में जो दल हमलोगों को आबादी के हिसाब से भागीदारी देगा।

हम सभी समाज उस दलों को पूर्ण समर्थन देने का कार्य करेंगे।वही कार्यकर्ताओं ने कहा कि पूर्व से ही साहू समाज को सभी राजनीतिक दल के द्वारा सिर्फ वोटर मशीन के रूप में प्रयोग किया गया लेकिन अब हम लोग किसी के झांसे में नहीं आने वाले हैं और आगामी चुनाव में उसी दल का समर्थन करेंगे जो हम लोगों को उचित भागीदारी देगी इस दौरान साहू समाज के लोगों ने प्रदेश उपाध्यक्ष महेंद्र साहू का विभिन्न नारों के साथ स्वागत किया।

गौरतलब है कि बीते दिन बिहार के मुजफ्फरपुर और पटना में प्रदेश अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और महामंत्री का चुनाव हुआ था जिसमें 25 हज़ार मतदाताओं ने दो चरणों में बैलेट पेपर के माध्यम से वोट डाला था। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष के पद पर राजद के मोरवा विधायक रणविजय साहू ने प्रदेश अध्यक्ष के पद पर उमेश प्रसाद गुप्ता को पराजित कर पुनः प्रदेश अध्यक्ष बने वही प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर महेंद्र साहू, भीम कुमार साहू निर्वाचित हुए थे इस अवसर पर सतनारायण साह, मयानंद साह, ब्रह्म नारायण सेठ, पूर्व मुखिया रामप्रसाद साह, ललित साह, बृजमोहन साह, संतोष साह, शोभानंद साह आदि मौजूद थे।

## पिपरा पुलिस ने 596 बोतल विदेशी अंग्रेजी शराब की बरामद, कारोबारी फरार



**अमरेश कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, पिपरा, सुपौल/**जिले में पिपरा पुलिस को मिली बड़ी सफलता थाना क्षेत्र अंतर्गत जोलहनिया वार्ड 4 से पिपरा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर ब्लू स्ट्रोक विश्की 750 द्व्द्य के 260 बोतल व रॉयल जेनरल 750 द्व्द्य के 214 बोतल और रॉयल जेनरल 180 द्व्द्य के 122 बोतल शराब किया बरामद कारोबारी फरार। शराब कारोबारी के विरुद्ध सूचना मिलते ही पिपरा पुलिस थाना क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में लगातार छापेमारी कर रही है। और शराब बरामद करने में कामयाब हो रहा है।बाबजूद शराब कारोबारी चोरी छिपे शराब कारोबार कर रहे हैं।मामला के संबंध में थानाध्यक्ष बिनोद कुमार सिंह ने बताया गुरुवार की देर रात करीब रात दो बजे गुप्त सूचना मिली की एक शराब कारोबारी शराब जोलहनिया वार्ड 4 के सड़क किनारे एक झोपड़ी में बड़ी मात्रा में रखा हुआ है। मौके पर पिपरा थानाध्यक्ष बिनोद कुमार सिंह ने एएसआई प्रकाश रजक और पुलिस बल को भेज दिया, पुलिस जोहल्हानिया वार्ड 4 पहुंच कर देखा तो सड़क किनारे एक झोपड़ी में करीब बीस कार्टन शराब रखा मिला,और शराब बरामद कर थाना लाया जहां सभी कार्टून खोला तो कुल 596 बोतल विदेशी शराब था उत्पाद अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया गया जिसका थाना कांड संख्या 222/23 दर्ज कर लिया गया और पुलिस कानूनी कार्रवाई में जुट गई है।

## बारिश से सड़क पर जलजमाव की स्थिति,राहगीर की बढ़ी परेशानी



**सरोज कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, किशनपुर ,सुपौल/**जिले के किसनपुर प्रखंड क्षेत्र में तीन दिनों से हो रही लगातार वर्षा से शिवपुरी पंचायत के वार्ड नंबर 04 में थरबिट्टा जाने वाली सड़क पर जलजमाव की स्थिति पैदा हो गई है। मालूम हो की लगभग पांच वर्ष पहले यह रोड बना है लेकिन कहीं-कहीं गढ़ा सा बन गया है। जिस गढ़ा में वर्षा के समय पानी लग जाता है। जिसके कारण राहगीर को आने-जाने में काफी परेशानी झेलनी परती है। एक तरफ सरकार व जनप्रतिनिधि बिहार में सड़के का जाल बिछाने की बड़े-बड़े दावे करते दिखाई देते है। लेकिन सब हवे हवाई साबित होता है। वहीं मौके पर उपस्थित स्थानीय दुकानदार चंदन कुमार मेहता,मुकेश कुमार,अनिल कुमार,सुभाष कुमार,गुरुदेव मेहता,रामनाथ राम,रामनंदन साह, पप्पू लहा आदि लोगों ने बताया की इस रोड से विभिन्न गांवों के लोग आते है और थरबिट्टा बाजार पहुंचते है। पानी लगा रहने के कारण दूसरे मार्ग से लोग आते जाते है लेकिन स्थानीय लोग को तो खासकर इसी मार्ग से जाना परता है। इस समय में वर्षा का पानी अगर रोड पर जाम लगा रहता है तो इस रोड का कोई मायने ही नहीं होता है। कई बार हमलोग जनप्रतिनिधि से आग्रह किया की किसी तरह से नाले का निर्माण करा दिया जाय जिससे की रोड पर पानी का जाम न लगा रहे। लेकिन कोई भी जनप्रतिनिधि का इस और ध्यान ही आकृष्ट नही हो पा रहा है।

## जिला पदाधिकारी अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की हुई अहम बैठक




**मो0 नजीर/दैनिक शुभ भास्कर, सुपौल/**जिले में श्री कौशल कुमार, जिला पदाधिकारी, सुपौल की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आहूत की गयी। उक्त बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी, सिविल सर्जन, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), अभियंत्रण विभाग के कार्यपालक अभियंता (NHAI, RCD एवं RWD) तथा स्थानीय नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारियों ने भाग लिया।इस बैठक के मुख्य निर्णय निम्नवत् है- 1. यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरूद्ध थाना स्तर पर सघन जाँच अभियान चलाया जाय। 2. यातायात नियमों के प्रति जागरूकता अभियान चलाने हेतु उच्च विद्यालयों को चिन्हित करते हुए जागरूकता अभियात चलाया जाय।3. दुर्घटना पीड़ित व्यक्तियों को तत्काल सहायता करने यथा अस्पताल पहुँचाने वाले व्यक्तियों को गुड समेरिटन के रूप में चिन्हित कर जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सम्मानित किया जाय।4. एकीकृत सड़क दुर्घटना डाटा में प्रत्येक दुर्घटना की समेकित विवरणी को निश्चित रूप से दर्ज किया जाय और इससे संबंधित कर्मियों को प्रशिक्षित कराया जाय।

**बैठक** कामरेड राम प्रताप सिंह के आवास परिसर में भाकपा शाखा परिषद की बैठक हुई

# कटहरा में हुई भाकपा शाखा परिषद की बैठक, क्षेत्रीय ज्वलंत समस्याओं को ले किया गया आवाज बुलंद



**सोनू भगत/दैनिक शुभ भास्कर, छातापुर ,सुपौल/**जिले में छातापुर प्रखंड के कटहरा पंचायत स्थित कामरेड राम प्रताप सिंह के आवास परिसर में शनिवार को भाकपा शाखा परिषद की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता अंचल सचिव रघुनंदन पासवान ने की। बैठक में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, भर्ष्टाचार आदि पर चिंता जताई गई।भाकपा अंचल सचिव रघुनंदन पासवान ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार बड़े कारपोरेट घरानों की सरकार है जिन्हें आम गरीब, किसान, मजदूर व लोगों की परेशानी से कोई लेना देना नही है।कमर तोड़ महंगाई समेत बिभिन्न तरह की विपरिताओं से मजदूर किसान परेशान है। लेकिन केंद्र सरकार हाथ पर हाथ धरे हुए है। सरकार महंगाई पर लगाम लगाने की दिशा में कोई पहल नही कर रही है। जिसका नतीजा है कि महंगाई सर चढ़ कर बोल रही है। महंगाई की मार इस कदर हावी हुई है कि घरेलू गैस, डीजल- पैट्रोल, जीरा, खाद्य मसाले हरे साग सब्जी, दलहन आदि के भाव आसमान छू रहे है। जिसके कारण मजदूर किसान व मध्यवर्गीय लोगों की कमर तोड़ दिया है। इतना ही नही केंद्र की मोदी सरकार सरकारी सम्पत्ति रेलवे बिभाग समेत कइयों को पूंजीपतियों के हाथों बेचती चली जा रही है। जिससे लोकतंत्र खतरे में पड़ गई है। इतना ही नही छातापुर अंचल से जुड़े कई जमीन से जुड़े मामले भी बैठक में उठाई गई। बताया की छातापुर अंचल के नरहेया मौजा समेत भट्टावारी, कटहरा, इंदरपुर, प्रतापनगर मिलाकर 49270 एकड़ जमीन माननीय सर्वोच्च न्यायालय दिल्ली कोर्ट द्वारा घोषित की गई थी। उक्त मामले से जुड़ी मामले को ले वार्ता हुई। उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई बेरोजगारी समेत अन्य समस्याओं के अलावे अन्य ज्वलंत समस्याओं को ले आवाज बुलंद करने की बात कही। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की गलत आर्थिक नीति को ले भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी बिहार राज्य परिषद के आह्वान पर केंद्र की मोदी सरकार को सत्ता से हटाए जाने के लिए आगामी समय में जिला स्तर पर प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें सभी कार्यकर्ता शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का कार्य करेंगे। मौके पर कामरेड बेचन सिंह, प्रभु सिंह, जगदेव यादव, गयावती देवी, गुलाबचंद सिंह, बिपिन सिंह, लालो सिंह, चंदन सिंह, राम स्वार्थ सिंह, वुधु सिंह आदि थे।

## सुपौल से अररिया के रास्ते गलगलिया तक एक नई क्रीम फील्ड फोर लाइन सड़क का होगा निर्माण



**मो0 नजीर/दैनिक शुभ भास्कर सुपौल/**जिले में कोसी कॉलनी आवास पर पूर्व मंत्री शाहनवाज हुसैन द्वारा कहा गया कि सुपौल से अररिया के रास्ते गलगलिया तक एक नई ग्रीनफील्ड फोरलेन सड़क का निर्माण किया जाएगा, जिसकी लागत करीब 3 हजार करोड़ रुपए आंकी गई है।

इस योजना पर कुल 5 हजार करोड़ रुपए खर्च होना है, जो केंद्र सरकार कर रही है। इसमें राज्य सरकार का एक पैसा भी नहीं लगेगा। यह बातें पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता सैयद शाहनवाज हुसैन ने कही।

शाहनवाज आज सुपौल जिला मुख्यालय स्थित अपने आवास पर प्रेस को संबोधित कर रहे थे। यहां उन्होंने बताया कि सुपौल के पुलिस लाइन के नजदीक से इस सड़क का निर्माण शुरू होगा। जिसके लिए भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई भी जिलाधिकारी के कार्यालय स्तर से शुरू हो चुकी है। यह सड़क पिपरा, त्रिवेणीगंज के रास्ते अररिया के रानीगंज होते हुए अररिया और फिर किशनगंज के गलगलिया तक जाएगी। जिससे ना केवल यातायात सुविधा बढ़ने की उम्मीद है, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी उत्पन्न होने की उम्मीद जताई जा रही है। शाहनवाज हुसैन ने इससे पूर्व केंद्र सरकार की बीते 9 साल की उपलब्धि गिनाई और इससे संबंधित एक किताब भी कार्यकर्ताओं के बीच वितरण किया। वही इस नई प्रस्तावित सड़क के विषय में भी विस्तार से जानकारी दी।इस अवसर पर शाहनवाज हुसैन, जिला अध्यक्ष नरेंद्र ऋषि देव, मधेपुरा लोकसभा प्रभारी नागेंद्र नारायण ठाकुर, अररिया लोकसभा प्रभारी विजय शंकर चौधरी जी, पूर्व जिला अध्यक्ष राम कुमार राय, नगर परिषद अध्यक्ष राघवेंद्र झा आदि उपस्थित थे ।

# जिले में सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन कार्यक्रम का प्रधानमंत्री ने वर्चुअली किया उद्घाटन

**पूर्णिया/डा. रूद्र किंकर वर्मा** ।जिले में सिकल सेल डिजीज मिशन 2027 की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वर्चुअल रूप से मध्यप्रदेश के साहडोल से की गई। भारत के 17 राज्यों में इस मिशन की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा की गई जिसमें बिहार राज्य के छह जिले (पश्चिम चंपारण, पूर्णिया, बांका, सिवान, जमुई व कटिहार) शामिल हैं। इस मिशन के अलावा प्रधानमंत्री द्वारा नेशनल सिकल सेल डिजीज के नेशनल पोर्टल व हेल्थ वर्कर के लिए ट्रेनिंग मैटेरियल का भी लोकार्पण किया गया। ब्लड सेल के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ एनके गुप्ता ने बताया कि सिकल सेल रोग एक गंभीर स्वास्थ्य चुनौती है। यह आनुवांशिक बीमारी है, जिसमें व्यक्ति के रक्त कणों का आकार विकृत होकर हसुएं जैसा हो जाता है। यह बीमारी सामान्य रूप से आदिवासी जनजाति

## 2047 तक उन्मूलन का है लक्ष्य



में पाई जाती है। यह रोग हमारी जनजातियों के भविष्य और अस्तित्व के सामने बहुत बड़ा खतरा है। इसलिए इसे रोकने के लिए वित्त वर्ष 2023-24 के केंद्रीय बजट में, राष्टीय अभियान सिकल सेल एनीमिया एलिमिनेशन मिशन 2047 शुरू करने की घोषणा की गयी है। यह योजना देश के 17 राज्यों में चलायी जाएगी। इसमें से 13 राज्य इसके अधिक प्रसार वाले क्षेत्र में आते हैं। वहीं बिहार सहित असम, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश में इसका आंशिक प्रसार देखा गया है। **2047 है उन्मूलन वर्ष**–भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय ने जनजातीय मंत्रालय और राज्यों के साथ मिलकर अगले 2-3 साल में देश के 17 राज्यों के लगभग 165 जिलों में बस रही 0-40 साल से आयु वाली 7 करोड़ जनसंख्या को 3 साल में स्क्रीनिंग कर अमृतकाल में 2047 तक सिकल सेल बीमारी को खत्म करने की योजना बनाई है। स्क्रीनिंग के बाद सभी को उनकी स्थानीय भाषा में स्मार्ट कार्ड दिया जाएगा। जिससे शादी करने वाले लड़का और लड़की को आसानी से पता चल सकेगा कि शादी के बाद होने वाले बच्चों में सिकल सेल से ग्रस्त होने की संभावना कितनी है। ताकि उस अनुसार निवारण के लिए दंपति द्वारा उचित निर्णय लिया जा सके। इस पूरे कार्यक्रम को चलाने के लिए, जनभागीदारी को सुनिश्चित करने और बड़े पैमाने पर जागरूकता लाने के लिए अलग अलग स्तर पर मॉनिटरिंग मैकेनिज्म बनायी गयी है। स्क्रीनिंग में बीमार पाए जाने वाले लोगों को नियमित रूप से टेस्टिंग करते हुए उन्हें उपचार और दवाई मिले, अन्य रोगों की वैक्सीन लगे, डाइट सपोर्ट मिले और समय-समय पर काउंसिलिंग की सुविधा मिलती रहे, वह भी सुनिश्चित की जाएगी।

## खास खबर

### एस एस बी 52 वीं वाहिनी ने सभी बाहरी सीमा चौकियों और वाहिनी मुख्यालय को मिलाकर कुल 13000 लगाए बालवृक्ष



**अररिया।**भारत सरकार, गृह मंत्रालय के तत्वाधान व श्री महेंद्र प्रताप, कमांडेट के निर्देशन में 52 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अररिया द्वारा शनिवार दिनांक 01/07/2023 को वाहिनी मुख्यालय और सभी बाहरी सीमा चौकियों में वृहत स्तर पर वृक्षारोपण किया गया। जिसमे सभी बाहरी सीमा चौकियो और वाहिनी मुख्यालय को मिलाकर कुल 13000 बालवृक्ष लगाये गए, जिसमे विभिन्न प्रकार के बालवृक्ष सागवान, शीसम, अर्जुन, अशोक, नीम , अमरुद, जामुन, अवाला और अन्य प्रकार के शामिल थे7 सशस्त्र सीमा बल के द्वारा विगत कई वर्षो से केंद्र सरकार के निर्देशानुसार पौधे लगाये जा रहे है ताकि वहां वास कर रहे स्थानीय लोगो कई समस्यायों से छुटकारा मिल सके और अपना जीवन यापन स्वच्छ वातावरण में रहकर व्यतीत कर सके 7 साथ ही, पेड़ लगाने के अनेको फायदे है जैसे कि पड़े से हमें प्राणवायु मिलती है, पर्यावरण शुद्ध रहता है, पेड़ो से हरियाली रहती है साथ ही पेड़ लगाने से मानसून समय पर आती है जिससे किसानो को खेती में बहुत मदद मिलता है। इस कार्यक्रम में श्री आनंद प्रकाश यादव, उप कमाडेंट, श्री जोशी सागर प्रदीप उप कमांडेंट , डॉ मनोज जाट सहायक कमांडेंट, डॉ सानु चिकित्सा पदाधिकारी , अधीनस्थ अधिकारी और वाहिनी के समस्त बल कार्मिको ने वृक्षारोपण अभियान में बढ-चढ़ कर भाग लिए और सभी ने विभिन्न प्रकार के पौधे लगाये गए 7 साथ ही, यह अभियान अगस्त -2023 तक संचालित रहेगा इसी के क्रम में एक श्लोक है "दस कुंआ के बराबर एक बावड़ी होती है ,दस बावड़ियों के बराबर एक तालाब,दस तालाब के बराबर एक पुत्र और दस पुत्रों के बराबर एक वृक्ष होता है" ।

### प्रधानाचार्य का एक वर्ष पूरा होने पर टी पी कॉलेज मधेपुरा में समारोह अयोजित



**मधेपुरा** ।ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा के प्रधानाचार्य प्रो. (डॉ.) कैलाश प्रसाद यादव के स्वर्णिम कार्यकाल के एक वर्ष पूरा होने पर महाविद्यालय में एक समारोह का आयोजन किया गया।इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने कहा कि इसी महाविद्यालय के विद्यार्थी रहे हैं और हमेशा से इससे उनका हार्दिक लगाव रहा है। उन्होंने कहा कि संस्थान हमारे लिए माँ है। हमें माँ की तरह इसकी सेवा करनी चाहिए। इस महाविद्यालय का उनके ऊपर त्रृण है।अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. मिथिलेश कुमार अरिमर्दन ने कहा कि प्रधानाचार्य के नेतृत्व में महाविद्यालय निरंतर विकास की ओर अग्रसर है और नैक मूल्यांकन की दिशा में प्रयास किया जा रहा है। सर्वप्रथम प्रधानाचार्य ने केक काटकर कार्यक्रम की शुरूआत की। शिक्षकों, शिक्षकेतर कर्मियों एवं विद्यार्थियों ने प्रधानाचार्य का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया।इस अवसर पर उपकुलकचिव स्थापना डॉ. सुधांशु शेखर, डॉ. ए. के. मल्लिक, डॉ. मिथिलेश कुमार, मिथिलेश कुमार, डॉ. कुमार संतोष, डॉ. अशोक कुमार अकेला, विवेकानंद, नारायण ठाकुर, राजा, मणिष कुमार, सुभम राज, नंदन कुमार भारती आदि उपस्थित थे।

## भाजपा के लोकसभा मीडिया संयोजक किमी आनंद के नेतृत्व में सड़क पर की गई धान रोपनी

**जोगबनी** ।नगर परिषद जोगबानी अंतर्गत नेता चौक रेलवे ढाला से खजुरबाड़ी जाने वाला मुख्य सड़क का स्थिति बद से बदतर हालत में तो पहले से थी हीं जिस में जल जमाव रहता था परन्तु नगर परिषद के रहमो करम पर उस जल जमाव में 3 न. टुकड़ा ईटा व मिट्टी कुछ टेलर गिरा दिया गया जिसके कारण से बारिस होने के बाद तीन नंबर टुकड़ा ईट गल के मिट्टी में मिल कर दलदल कीचड़ का रूप ले लिया जो कि अब उस कीचड़ में चलना और मौत के कुंआ में मोटरसाइकिल चलाना बराबर लग रहा है। स्थानीय लोगों के लिए सिर्फ और सिर्फ खजुड़ बाड़ी मुख्य सड़क



का दलदल को देखते हुए धान रोपनी कर के खेती में इस्तेमाल कर धान उपजाने का कार्य में लाया जाए ।नगर परिषद के जनप्रतिनिधियों के साथ साथ समस्त नगर पदाधिकारी गणों से अनुरोध है की नगर के अंतर्गत समस्त इस तरह के दलदल वाले सड़कों को बरसात भर खेती करने के लिए स्वीकृत कर दिया जाय जिस से स्थानीय लोगों को कोई तो लाभ मिलेगा। इस कारण से सैकड़ों नगरवासी के साथ भाजपा लोकसभा मीडिया संयोजक सह मीडिया प्रभारी किमी आनंद, राजनंदन यादव विधानसभा संयोजक फॉरबिसगंज, जोगबनी मंडल अध्यक्ष अरविन्द साह, दिवाकर दुबे महामंत्री, पवन सिंह महामंत्री, पवन यादव, मंडल उपाध्यक्ष कुंदन पोद्दार ,आयुष झा भाजपा मंडल उपाध्यक्ष जोगबनी, अकाश राय आईटी सेल संयोजक आदि मौजूद थे जिसमे सबों ने मिलकर धान रोपनी कर कहा मुख्य सड़क लोगो के चलने के काम में तो नहीं आ रही है कम से कम खेती के काम में तो आये ये हालत है

## राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन अररिया ने सामाजिक एकजुटता और संगठन विस्तार को लेकर की बैठक

**फारबिसगंज** ।सामाजिक एकजुटता और संगठन विस्तार को लेकर राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन अररिया जिला बैठक संगठन के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू के उपस्थिति में शनिवार को स्थानीय बसंती देवी जगदीश साह धर्मशाला में आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य रूप से तेली साहू महासंगठन के प्रदेश संगठन मंत्री प्रवीण साह, महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश महामंत्री चंपा साहू वरिष्ठ कार्यकर्ता शंभु साह मौजूद रहे। इस दौरान बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि देश के स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर स्वतंत्रता उपरांत भी देश के विकास और निर्माण में तेली साहू समाज का उल्लेखनीय योगदान दिया है। फिर भी यह समाज पिछड़ेपन का शिकार है,उन्होंने समाज



को एकजुट कर वयाप्त कुरीतियों को दूर करना और समाज में आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को आगे बढ़ाना समाज की सुरक्षा व उसके चौमुखी विकास के साथ साथ संख्या के अनुरूप शासन सत्ता में भागीदारी हो यह संगठन का प्रमुख उद्देश्य है प्रदेश अध्यक्ष श्री साहू ने सकल तैलिक समाज जो परिश्रमी और राष्ट्रवादी समाज है के उत्थान और समाजिक आर्थिक व राजनीतिक पिछड़ेपन को दूर करने के लिए छतीसगढ़ और मध्यप्रदेश की तर्ज पर बिहार सरकार से यथा शीघ्र तेलीघानी बोर्ड/आयोग बनाने की मांग किया। बैठक को महिलाविंग प्रदेश महामंत्री चंपा साहू एवं शभु साह ने समाज को दहेज मुक्त शादी के लिए प्रेरित करना साहू समाज मे महिलाओं की रचनात्मक भूमिका अदा करने के लिए आगे आकर कार्य करने के साथ अररिया जिला संगठन को मजबूत करने पर बल दिया। प्रदेश संगठन मंत्री प्रवीण कुमार ने कहा कि तेली साहू महा संगठन समाज को एकुजुट करने व राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए बिहार के हर जिले कस्बा और ग्राम पंचायत में संगठन विस्तार हेतु जुटने का अपील किया। बैठक अंत मे सर्वसम्मति से घूरना नरपतगंज निवासी कमलेश साह को जिला अध्यक्ष के रूप में मनोनीत करते हुए मनोनयन पत्र सौपा गया। बैठक में साहू महासंगठन के युवा जिला अध्यक्ष सुधांशु साह, मृणाल शेखर, राकेश साह,अंकित साह, पंकज साह आदि सदस्य मौजूद थे।

## बी एन एम यू के कुलसचिव डॉ. मिहिर कुमार ठाकुर दो वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर दी गई बधाई



**मधेपुरा।**बी. एन मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा के कुलसचिव प्रो. डॉ.मिहिर कुमार ठाकुर के दो वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं। कुलसचिव ने कहा कि कुलपति प्रो. आर. के. पी. रमण के संरक्षण में कार्य करना उनके लिए सौभाग्य की बात है।? इनके नेतृत्व में विश्वविद्यालय निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है।उन्होंने बताया कि वे कुलपति के निदेश के आलोक में सभी कार्य नियम-परिनियम के अनुरूप करने हेतु प्रतिबद्ध हैं। डीएसडब्ल्यू डॉ. राजकुमार सिंह ने कहा कि कुलसचिव के कार्यकाल में विश्वविद्यालय में कई महत्वपूर्ण कार्य हुए हैं। इनका कार्यकाल अत्यंत ही सराहनीय है। इस अवसर पर नोडल पदाधिकारी शशिभूषण, उपकुलकचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर, सीनेटर रंजन यादव, शोधार्थी माधव कुमार, दिलीप कुमार दिल, सौरभ कुमार चौहान आदि उपस्थित थे।

## कॉमर्स कॉलेज मधेपुरा के एसोसिएट प्रो.शशिभूषण बने बीएनएमयू के परीक्षा नियंत्रक



**मधेपुरा।**भूपेंद्र नारायण मंडल वाणिज्य महाविद्यालय साहुगढ़-मधेपुरा के भौतिकी विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर शशिभूषण ने शनिवार को बीएनएमयू के परीक्षा नियंत्रक के रूप में योगदान दिया। उपकुलकचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि शशिभूषण ने 11 सितंबर, 1985 में बीएनएमभी महाविद्यालय में व्याख्याता के रूप में योगदान दिया। वे तीन वर्षों तक एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी भी रहे।उन्होंने बताया कि शशिभूषण ने जनवरी 2013 में उपकुलकचिव (पंजीयन) के रूप में योगदान दिया था। फिर वे 2017 में उपकुलकचिव (परीक्षा) बने थे। इन्होंने पुनः 2018 में उपकुलकचिव (पंजीयन) एवं 2019 में उपकुलकचिव (परीक्षा) की जिम्मेदारी संभाली और पेंडिंग रिजल्ट सुधारने में अहम भूमिका निभाई। वे जून 2021 से नोडल पदाधिकारी (यूएमआईएस) के दायित्वों का निर्वह्न कर रहे हैं।इस अवसर पर डीएसडब्ल्यू डॉ. राजकुमार सिंह, कुलसचिव डॉ. मिहिर कुमार ठाकुर, उपकुलकचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर, सीनेटर रंजन यादव, शोधार्थी माधव कुमार, दिलीप कुमार दिल, सौरभ कुमार चौहान आदि उपस्थित थे। इधर भूपेंद्र नारायण मंडल वाणिज्य महाविद्यालय साहुगढ़-मधेपुरा के भौतिकी विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर शशिभूषण के विश्वविद्यालय में एगजाम कंट्रोलर बनाए जाने पर प्रधानाचार्य डा. अरविंद कुमार, डा. मृत्युंजय कुमार सहित शिक्षक एवम महाविद्यालय परिवार ने शशिभूषण बाबू को बधाई दिया।

## सांसद ने जयनगर के पूर्व प्रमुख को किया सम्मानित



**जयनगर /मधुबनी/दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)**/झंझारपुर लोकसभा के सांसद ने रामप्रीत मंडल ने जयनगर के पूर्व प्रमुख सूर्यनाथ यादव को मिथिला के परम्परा के अनुसार पाग,दुपट्टा और माला पहनाकर सम्मानित किया।इस दौरान पूर्व प्रमुख सूर्यनाथ यादव ने जयनगर से सम्बंधित कई समस्याओं को झंझारपुर लोकसभा के सांसद रामप्रीत मंडल को अवगत करवाया।इस मौके पर राजद के जिला अध्यक्ष वीर बहादुर राय सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

**जानलेवा हमला** भीम आर्मी नेता चंद्रशेखर आज़ाद पर जानलेवा हमला बेहद दुःखद और चिंताजनक

## मोदि जी बतायें डबल इंजन की सरकार में दलित पिछड़ा समुदाय के लोगों को जीने का अधिकार है या नहीं- बेदारी कारवाँ

**मधुबनी संबाददता**/पटना- उत्तर प्रदेश के सहारनपुर (देवबंद) में भीम आर्मी नेता चंद्रशेखर आज़ाद पर जानलेवा हमला, बेहद दुःखद और चिंताजनक है। चंद्रशेखर पर कार सवार अपराधियों ने जिस अंदाज में गोली दागी उससे यह स्पष्ट होता है के अपराधियों ने चंद्रशेखर आज़ाद को जान से मारने की नियत से ही गोली चलाई थी। गोली चंद्रशेखर आज़ाद के पेट से सटकर निकल गई और बाल बाल बच गए। भीम आर्मी नेता चंद्रशेखर आज़ाद पर हमला की कड़ी शब्दों में निंदा करते हुए ऑल इंडिया मुस्लिम बेदारी कारवाँ के राष्ट्रीय अध्यक्ष नजरे आलम ने मिडिया से कहा के उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री खुदही फैसला ऑन स्पॉट करते हैं और अपराधियों को आगे कर दलित, पिछड़ा और



मुस्लिम समुदाय के नेताओं की हत्या खुलेआम करवा रहे हैं। पिछले दिनों कई दलितों पर हमला हुआ। अतीक अहमद और उसके बेटा की लाईव हत्या भी करवा दी गई, योगी मॉडल में न तो आम नागरिक सुरक्षित है और न दलित और मुस्लिम नेता। योगी मॉडल के आगे पुलिस प्रशासन और न्यायालय भी नतमस्तक बन चुकी है।

बने भी क्यों नहीं डबल इंजन की सरकार में दलित समुदाय के लोगों को बोलने और अधिकार मांगने का अधिकार जो नहीं है। संविधान और लोकतंत्र को रौंदने वाली सरकार में कोई दलित और पिछड़ा का बेटा नेता कैसे बन सकता है। नजरे आलम ने चंद्रशेखर आज़ाद पर हमला को योगी-मोदी सरकार की साजिश बताते हुए इसे देश के लिए खतरा बताया। नजरे आलम ने आगे कहा के योगी-मोदी के अंदर झूठ बोलने की कला है यही कारण है के देश के दलित, पिछड़ा, अल्पसंख्यकों को हमेशा झूठ बोलकर ठगते हैं और सबका साथ सबका विकास का नारा भी झूठा देते हैं। मोदी-योगी के झूठ को देश की जनता समझ चुकी है कर्नाटक चुनाव में इसका जवाब भी मिल चुका है। भाजपाईयों को अब 2024 में सत्ता खिसकता नजर आ रहा है इसलिए दलित, पिछड़ा और पसमांदा मुसलमानों की बात कर एकबार फिर से बेवकूफ बनाकर वोट की राजनीति कर रहे हैं जिसमें वो कभी सफल नहीं हो पायेंगे। क्योंकि जो सरकार दलित, पिछड़ा और पसमांदा मुसलमानों की खुलेआम हत्या करवाती हो वो सरकार किया खाक विकास और अधिकार की बात करेगी। हम योगी सरकार और मोदी सरकार से अविलंब चंद्रशेखर आज़ाद की सुरक्षा बढ़ाने, अपराधियों पर सख्त कानुनी कार्रवाई करने की मांग करते हैं।

## अमन चैन की दुआ के साथ मधुबनी शहर और गांव में शांति और सदभाव के साथ मनाई गई बकरीद,हाफिज अब्दुल्लाह फलाही



**मधूबनी संबाददाता मो सालिम आजाद**/मधुबनी शहर और गांव आज यहां गुरुवार को बदली , वर्षा और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच ईद-उल-अजहा का त्योहार शांति और सदभाव के साथ मानाया गया। इस दौरान नमाज अदा कर नमाजि़यों ने अमन की दुआ मांगी। इस दौरान शहर में संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा को लेकर तैनात पुलिस बल सीसी कैमरों से निगरानी भी करवाता रहा। साथ ही सड़कों पर अधकारियों के साथ शहर और गांव में पैदल मार्च भी कयिागया आज भौआड़ा हवाई अड्डा व गवा पोखर ईदगाहों में पुरुषों के साथ बुड़ो बच्चो ने भी सामूहिक रूप से नमाज अदा की। नमाज के बाद देश में खुशहाली, अमन, सौहार्द व भाईचारे की दुआ की गई। नमाज के बाद जानवरों की कुर्बानी दी गई। नमाज के दौरान सुरक्षा को लेकर पुलिस बल तैनात रहा।आज यहां गुरुवार को सुबह से ईद-उल-अजहा की नमाज के लिए ही ईदगाहों व मस्जिदों में पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। हवाई अड्डा ईदगाह में सुबह 7ः00 बजे नमाज का समय निर्धारित था। यहां छह बजे से ही लोग आना शुरू हो गए। नमाज से पहले लोगों से अपील की गई की ईदगाह के बाहर न बैठे। यहां मुफ्ती रुहुललाह कासमी ने नमाज अदा कराई। नमाज के बाद खुतबा (संबोधन) हुआ। दुआ के बाद एक दूसरे को गले मिलकर मुबारकबाद दी गई।इसी तरह से छोटी ईदगाह, ईदगाह कोतवालीचौक, ईदगाह पंडोल, ईदगाह रहिका सहित मस्जिदों में भी ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की गई।

## खास ख़बर

## पल्स पोलियो को लेकर हुई समीक्षात्मक बैठक



**दैनिक शुभ भास्कर/सुस्मिता कुमारी/संवाददाता नाला (जामताड़ा)/** नाला सीएचसी के सभागार में राष्ट्रीय पल्स पोलियो कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन को लेकर सुपरवाइजर तथा अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की बैठक हुई । मालूम हो कि बैठक प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नदिया नंद मंडल की देखरेख व पर्यवेक्षण में की गई।इस दौरान खासकर पल्स पोलियो कार्यक्रम के दौरान मॉनिटरिंग करने को प्रत्येक घर भ्रमण किया गया। टेली सीट मिलान करने तथा टीका कर्मियों द्वारा किए गए हर गतिविधि का अवलोकन करते हुए कार्यालय में प्रतिवेदन जमा करने सहित कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान घर-घर भ्रमण हेतु टेली शीट भरने के बारे में भी जानकारी दी गई। साथ ही मॉनिटरिंग करने को लेकर आवश्यक महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी दी गई। इस क्रम में ओपीभी चेक करने ,ओपीभी,प्राप्त भाईल, तथा दवा की रखरखाव,टेली सीट आदि के बारे में जानकारी दी गई। अधिक से अधिक बच्चे प्रतिरक्षण हो सके। इस दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नदियानंद मंडल के द्वारा बताया गया कि इस कार्यक्रम में 0 से 5 आयु वर्ग के कुल 20616 बच्चे को पोलियो ड्रॉप से आच्छादित करने का लक्ष्य रखा गया। इसके अलावा कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु 43 पर्यवेक्षकों की प्रतिनियुक्ति की गई है। साथ ही 214 बूथ बनाए गए हैं एवं 427 टीका कर्मी वैक्सीनेटर की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसके अलावा एक डीपू तथा 12 सब डिपू बनाए गए हैं। इस दौरान 2 जुलाई से 4 जुलाई तक चलने वाले राष्ट्रीय पल्स पोलियो कार्यक्रम को लेकर अन्य कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर डॉ0 रामकृष्ण बाबु, लेखा प्रबंधक सूरज कुमार वर्मा के अलावे सुपरवाइजर आदि स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## जामताड़ा जिला व्यवहार न्यायालय पर सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की टिप्पणी बेअसर




**दैनिक शुभ भास्कर/ मनीष बरणवाल / जामताड़ा/** जिला व्यवहार न्यायालय परिसर में आम लोगों के लिए बना शौचालय बदहाल है। इसके चारों और गंदगी से पटा हुआ है। शौचालय की स्थिति इतनी खराब है कि लोग बाहर जाना ज्यादा उचित समझ रहे हैं। इसमें महिलाओं को ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति ऐसी है कि नाक बंद कर किसी तरह शौचालय का उपयोग करना पड़ता है। कहने के लिये पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग शौचालय बने हुए हैं लेकिन शौचालय की स्थिति इतनी नारकीय है कि पुरुष तो अपना इधर उधर जाकर हल्का हो लेते हैं लेकिन महिलाएं परेशानी में फंस जाती हैं। उन्हें काफी मुश्किलों से गुजरना पड़ता है। जामताड़ा कोर्ट में पहुंची एक महिला ने कहा कि शौचालय काफी गंदा है उसके चारों तरफ दुर्गंध फैली रहती है। नाक बंद कर मुश्किल से जाना पड़ता है। साफ-सफाई करने वाला या कोई देखने वाला नहीं है। कहा कि देख-रेख और सफाई के अभाव में ये स्थिति उत्पन्न हुई है। इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। झारखंड उच्च न्यायालय के नवनिर्मित भवन के उद्घाटन के मौके पर भारत के सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने अदालत में बने शौचालय खासकर महिला शौचालय के नहीं रहने को लेकर सवाल उठाया था। सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के टिप्पणी के बाद भी जामताड़ा जिला व्यवहार न्यायालय में इसका कोई असर नहीं देखा जा रहा है।

## हूल दिवस के अवसर पर पाटजोड़ में नवनिर्मित सिद्धू कानू के मूर्ति का किया गया अनावरण



**दैनिक शुभ भास्कर/ कुंडहित (जामताड़ा)/** हूल दिवस के अवसर पर प्रखंड सचिव सोमलाल मिर्धा के नेतृत्व में मुडाबेडिया पंचायत स्थित पाटजोड़ में स्थापित नवनिर्मित सिदो कन्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अनावरण किया गया तथा उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान प्रखंड सचिव सोमनाथ मिर्धा ने बताया कि शहीद सिद्धू कानू चांद भैरव ने सामंती व्यवस्था अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ जो हूल का आगाज किया था फिर से आज वर्तमान स्थिति जो भ्रष्टाचार चरम पर है। उसके खिलाफ आज के युवाओं को फिर हुल क्रांति करने की आवश्यकता है।

# सड़क हादसे मे घायल युवक कि इलाज के क्रम में मौत, आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजा को लेकर सड़क पर शव रख मधुपुर गिरिडीह एनएच को 2 घंटे रखा जाम

बकरीद के नमाज पढ़कर अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने अमन शांति एवं खुशहाली की दुआएं मांगी



**दैनिक शुभ भास्कर/ संवाददाता/ मधुपुर/देवघर/**सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल मधुपुर थाना क्षेत्र के पटवाबाद गांव निवासी 45 वर्षीय मोहम्मद सोहराब अंसारी की मौत इलाज के दौरान हो जाने के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने शनिवार दोपहर को शव को सड़क पर रखकर मधुपुर गिरिडीह एनएच पथ को जाम कर दिया । सूचना पर मधुपुर थाना प्रभारी रामदयाल मुंडा एसआई मनोज कुजुर एसआई सामंत कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पहुंचे । आक्रोशित ग्रामीणों को समझा-बुझाकर सड़क से हटाने में जुट गए । आक्रोशित ग्रामीणों का कहना था कि मृतक के आश्रित को मुआवजा जब तक नहीं मिलेगा तब तक सड़क जाम नहीं हटेगा । ग्रामीण अपनी मांग पर अड़े रहे । इसके बाद बीडीओ मधुपुर राजीव कुमार सिंह, सीओ परमेश्वर कुशवाहा,सीआई प्रभु हसदा घटनास्थल पहुंचे । वहां पर मौजूद ग्रामीणों से घटना की जानकारी ली। इसके बाद प्रशासनिक पदाधिकारियों ने मृतक के आश्रित को सरकारी लाभ दिलाने का भरोसा दिया । बीडीओ श्री सिंह ने ग्रामीणों से कहा कि एक्सीडेंटल राशि आपदा विभाग से, परिवारिक लाभ, मृतक के बच्चियों को स्कूल में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत जोड़ा जाएगा । साथ ही विधवा पेंशन और आवास की स्वीकृती समेत कई सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का ऑन द स्पॉट भरोसा दिया 7 इसके बाद ग्रामीण हटे तकरीबन 2 घंटा सड़क जाम रहा ।इस बीच मधुपुर गिरिडीह एनएचए समेत बायपास सड़क पर दोनों और वाहनों की कतार लगी रही । लोगों की आवाजाही में परेशानी हुई सड़क जाम हटने से लोग राहत की सांस ली । मौके पर झामुमो नेता आबूतालिब अंसारी, मुखिया प्रतिनिधि राजू यादव समेत कई गणमान्य लोग पहुंचकर पीड़ित परिवार के प्रति शोक संवेदना प्रकट किया और सरकारी लाभ दिलाने की मांग प्रशासन से की है । क्या है मामला-शुक्रवार देर रात करीब आठ बजे पटवाबाद गांव निवासी मोहम्मद सोहराब अपने घर के करीब सड़क के किनारे खड़ा था । इसी बीच तेज रफ्तार से एक बाइक सवार ने सोहराब अंसारी को धक्का मारा और खुद अनियंत्रित होकर गिर पड़ा । सूचना पर ग्रामीण दोनों को इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल मधुपुर ले गए । यहां देर रात चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज हेतु देवघर सदर अस्पताल भेज दिया । शनिवार सुबह इलाज के दौरान सोहराब की मौत सदर अस्पताल देवघर में हो गई । देवघर की पुलिस ने पंचनामा करके शव को पोस्टमार्टम करा दिया । पोस्टमार्टम के बाद स्वजन शव को मधुपुर लाए और दोपहर 2:30 बजे सड़क पर रखकर मधुपुर गिरिडीह एनएचए जाम कर दिया।बताया जाता है कि मृतक सोहराब रंग पेंटर का काम करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था।उसे एक लड़की और एक लड़का भी है । घटना के बाद परिवार वालों को रो रो कर बुरा हाल है । घर का मुखिया की मौत सड़क हादसे में अचानक हो जाने से अब उसका घर कैसे चलेगा यह चर्चा गांव में हो रही है । इधर बाइक सवार बुढ़ई थाना क्षेत्र के धमनी गांव का रहने वाला है। उसका भी इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।पुलिस पीड़ित परिवार का आवेदन लेकर छानबीन में जुट गई है ।

## जेबीसी उत्कृष्ट विद्यालय में मनाया गया प्रवेश उत्सव समारोह



**दैनिक शुभ भास्कर/मनीष बरणवाल/जामताड़ा/**राज्य के उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ होने के साथ ही नव नामांकित विद्यार्थियों के स्वागत में जेबीसी जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय प्रांगण में प्रवेशोत्सव समारोह बड़े ही धूमधाम से संपन्न हुआ। ज्ञात हो कि राज्य सरकार ने राज्य के 80 विद्यालयों को सीबीएसई पैटर्न पर प्राइवेट इंग्लिश मीडियम विद्यालयों की तर्ज पर विकसित किया है। उनमें से जामताड़ा के तीन विद्यालयों को उत्कृष्ट विद्यालय बनाया गया है ।

अब गरीब से गरीब अभिभावक भी अपने बच्चों को अंग्रेजी माध्यम से पढ़ा सकेंगे। इसके तहत कक्षा 6, 7 ,8 ,9 ,11 में अभी प्रवेश लिया जा रहा है। निकट भविष्य में यहां कक्षाएं एलकेजी से 12 तक संचालित होंगी। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए आज जामताड़ा जेबीसी विद्यालय में नव नामांकित विद्यार्थियों का प्रवेश उत्सव समारोह मनाया गया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी डॉक्टर गोपाल कृष्ण झा ने अभिभावकों और विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार का यह प्रयत्न अभिभावकों के लिए वरदान है। जो गरीबी के कारण बच्चों को अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में पढ़ाने की इच्छा रखते हुए भी नहीं पढ़ा पा रहे थे। ज्ञात हो कि सरकार इन विद्यालयों में शिक्षा मुफ्त रखते हुए विद्यार्थियों को पुस्तकें, पोशाक आदि भी मुफ्त में उपलब्ध करा रही है ।श्री झा ने इस अवसर पर उपस्थित विद्यार्थियों के बीच पुस्तक वितरण भी किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों अभिभावकों को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य श्री सुशील मरांडी ने अभिभावकों से अपील कि वे शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी में अपनी उपस्थिति अवश्य दर्ज करें ताकि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को सही दिशा दी जा सके। मौके पर उपस्थित विद्यालय के वरीय शिक्षक श्री एबी माइल टुडू ने विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति पर जोर देते हुए अभिभावकों से सहयोग की अपील की और कहा कि यह विद्यालय किसी भी प्राइवेट स्कूल से बेहतर शिक्षा देने का प्रयत्न करेगा । मौके पर विद्यालय के अन्य विद्वान शिक्षकों ने भी सभा को संबोधित किया ।

सभा को संबोधित करने वालों में उमेश चंद्र मिश्र, दिवाकर मंडल ,मनोज सिंह, बलदेव मुर्मू, डॉ हृदय कुमार आदि थे। इस अवसर पर विद्यालय के अन्य शिक्षक शांति पद गोप ,दीपा सिन्हा ,अशोक कुमार, नसीम अख्तर ,संतोष दास ,विजय आनंद तिवारी ,अमिता दान ,सावित्री पटेल, रिया डे ,फुल मुनी समद, विनीता, रविचंद्र ,विप्लव आदि उपस्थित थे।सभा का संचालन डॉक्टर विक्की चौधरी ने किया।

## एनएसयूआई जिलाध्यक्ष नसीम हुसैन ने माननीय मंत्री हफीजुल हसन का जताया आभार



**दैनिक शुभ भास्कर/संवाददाता/मधुपुर/ देवघर/**कांग्रेस छात्र संगठन एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष नसीम हुसैन तथा जिला कमेटी ने अंगीभूत डिग्री संबद्ध महाविद्यालयों में इंटर की पढ़ाई चालू होने पर माननीय मंत्री हफीजुल हसन का आभार जताया तथा पुष्पगुच्छ भेंट किया। वही जिलाध्यक्ष नसीम हुसैन ने कहा कि अंगीभूत डिग्री संबद्ध महाविद्यालय में इंटर की पढ़ाई चालू कराने को लेकर माननीय मंत्री हफीजुल हसन को ज्ञापन सौंपा था और राज्य के सभी महाविद्यालयों में तथा देवघर जिला अंतर्गत सभी महाविद्यालयों में इंटर की पढ़ाई बंद होने से छात्र-छात्राएं कॉलेज का चक्कर काट रहे थे और काफी चिंतित थे। वही मंत्री हफीजुल हसन को छात्रों की समस्याओं से अवगत कराया था और अति शीघ्र इंटर में नामांकन प्रारंभ कराने की मांग की थी। शिक्षा सचिव से बात करने की बात कही थी। मंत्री ने इस विषय को गंभीरता से लिया और जिसके परिणाम स्वरूप आज एनएसयूआई के मांग को स्वीकृति मिली। झारखंड अधिविध परिषद के अध्यक्ष और सचिव बैठक कर छात्रहित में निर्णय लिया की अंगीभूत डिग्री संबद्ध महाविद्यालयों में इंटर की पढ़ाई जारी रहेगी। एनएसयूआई तथा समस्त छात्र छात्राओं के बीच हर्ष का माहौल है। छात्र छात्राओं ने एनएसयूआई का भी आभार जताया क्योंकि एनएसयूआई सदैव छात्र मुद्दों को लेकर आवाज उठाती है और छात्र हित में कार्य करती है। मौके पर मौजूद साकिब रहमान, मोहम्मद शबाब, सहदेव हांसदा, सूरज हांसदा, फ़ैयाज़, कुंदन, अनीस, सरफराज, मुन्ना सहित दर्जनों छात्र मौजूद थे।

## प्रखंड सभागार में हुई जन वितरण प्रणाली दुकानदारों की बैठक



**दैनिक शुभ भास्कर/कुंडहित(जामताड़ा)/**शत प्रतिशत राशन कार्ड धारी लाभुको का आधार को मोबाईल से जोड़ना तथा समय पर प्रति माह अनाज वितरण को लेकर शनिवार को प्रखंड सभागार में जनवितरण प्रणाली दुकानदारों के साथ बैठक आहूत की गई। बैठक प्रभारी एमओ के अनुपस्थिति में कम्प्युटर ऑपरेटर प्रकाश कुमार द्वारा लिया गया। बैठक में उपस्थित जनवितरण प्रणाली के दुकानदारों को जानकारी देते हुए कहा अभितक जिन लाभुकों का आधार से मोबाईल नं टैग नही है, वैसे लाभुकों को एक सप्ताह के अंदर आधार के साथ मोबाईल नं जोड़ने को कहा गया। साथ ही बताया कि प्रखंड क्षेत्र में जनवितरण प्रणाली के दुकानदारों द्वारा अनाज वितरण में कोताही दिखाई जा रही है। खाद्य सुरक्षा एंव हरा राशन कार्ड में 90 प्रतिशत से कम अनाज वितरण करने वाले 16 दुकानदार है। जिसमे खाद्य सुरक्षा में आनंद प्रसाद मंडल, विजय कृष्ण वाउरी, छबिला माजि सहित पांच एंव हरा राशन कार्ड में 11 जनवितरण प्रणाली के दुकानदार शामिल है। सभी दुकानदारों को अनाज उठाने के साथ ही प्रति माह 90 प्रतिशत से अधिक अनाज का वितरण करना सुनिश्चित करें। वही जनवितरण प्रणाली के दुकानदारों ने बताया हरा राशन कार्ड धारी अनाज नही उठाने पर खाद्य सुरक्षा का आवंटन काट लिया जाता है। साथ ही दुकानदारों द्वारा अनाज वितरण को लेकर विभिन्न समस्या रखा। मौके पर मधुसुदन मंडल, राजेश वाउरी, अनुप सिंह, निखिल चौधरी, शांतिमय मंडल,आनंद मंडल, षष्ठीपद मंडल, आनंद प्रसाद मंडल सहित जनवितरण प्रणाली के दुकानदार तथा महिला समुह के सदस्य उपस्थित थे।

## पहाड़गोड़ा मैदान में भव्य मेला सह खेलकूद कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर/ कुंडहित (जामताड़ा)/** शुक्रवार को हुल दिवस के अवसर पर कुंडहित पहाड़गोड़ा मैदान में सिन्दु कान्हु क्लब द्वारा एक भव्य मेला सह विभिन्न खेल कुद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि आजसू के संथाल परगना प्रवक्ता माधव चंद्र महतो, पूर्व जिला परिषद सदस्य भजहरी मंडल उपस्थित थे। बताते चलें कि हुल दिवस के अवसर पर कुंडहित पहाड़गोड़ा मैदान में प्रतिवर्ष भव्य मेला सह विभिन्न खेल कुद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। प्रतियोगिता मे तीरंदाजी, म्यूजिकल चेयर, सुई धागा, 400 मी दौड़ आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वही हुल दिवस के अवसर पर पहाड़गोड़ा मैदान में आयोजित मेला में स्थानीय लोगों के साथ साथ दुर दराज गांव के लोग पहुंच कर मेला का आनंद उठाया।

ज्ञापन — ओल चिकी हुल वाइसी संगठन की ओर से आगामी 4 जुलाई को झारखंड बंद करने का आव्हान किया है

# झारखंड बंद को लेकर ओल चिकी हुल वाइसी के सदस्यों ने मुख्यमंत्री के नाम कुंडहित बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



**दैनिक शुभ भास्कर/ कुंडहित (जामताड़ा)/** आगामी 4 जुलाई को झारखंड बंद को लेकर ओल चिकी हुल वाइसी के सदस्यों ने मुख्यमंत्री के नाम कुंडहित बीडीओ को ज्ञापन सौंपा। माझी परगना माहाल के सदस्य बाबुलाल सोरेन ने बताया 27 जून 2023 तक ओलचिकी लिपि से पुस्तकों का मुद्रित एवं पढ़ाई आरंभ नहीं होने की स्थिति में ओल चिकी हुल वाइसी संगठन की ओर से आगामी 4 जुलाई को झारखंड बंद करने का आव्हान किया है। उन्होंने बताया कि ÷आदिवासी पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था माझी परगना माहाल के अनुषंगी इकाई÷ भारत जकात माझी परगना माहाल, देश माझी परगना वाइसी, आसेका , अईसवा ,संथाल छात्र संगठन एवं अन्य कई सामाजिक संगठनों को मिलाकर बनी है। ओलचिकी हुल वाइसी का गठन ओलचिकी लिपि प्रचार प्रसार एवं संरक्षण करने हेतु किया गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में नई शिक्षा नीति 2020 के तहत प्रत्येक विद्यालय में प्राथमिक स्तर पर मातृभाषा में पढ़ाई किया जाना है। इसी संदर्भ में झारखंड सरकार द्वारा प्रत्येक भाषाओं का किताब व सामग्री तैयार किया जा रहा है। संथाली भाषा भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल है। इनका स्वतंत्र लिपि ओलचिकी है कहा की जेईईआरटी के निदेशक द्वारा वर्ग तीसरा, चौथा एवं पांचवें के गणित व पर्यावरण विषय की किताब देवनागरी लिपि में छापने का निर्णय का विरोध कर ओलचिकी लिपि से किताब छापने का आग्रह किया है। कहा इस संबंध में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव को भी पत्राचार किया गया है। महामहिम राज्यपाल से भी इस संबंध में विचार-विमर्श हेतु समय मांगा गया है।

मगर अब तक मुलाकात का समय नहीं दिया गया है, जो आदिवासी संथाल समाज का अपमान है। कहा कि मुख्यमंत्री से भी इस संबंध में कई दौर की वार्ता हुई है मगर समाधान का कोई रास्ता नजर नहीं आ रहा है। जिससे आदिवासी संथाल समाज काफी आहत है। संथाली भाषा के लिए ओलचिकी लिपि को हमारे पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल, उड़ीसा ,असम एवं पड़ोसी देश नेपाल सरकार ने भी पाठ्यक्रम में शामिल किया है। झारखंड राज्य में पूर्व की सरकार ने राज भवन के मुख्य द्वार से लेकर सभी शिक्षण संस्थानों, सरकारी कार्यालयों आदि जगहों पर ओलचिकी लिपि से लिखवाया है। वर्तमान के झारखंड सरकार ने भी अपने विभिन्न योजनाओं का प्रचार प्रसार हेतु ओलचिकी लिपि से विज्ञापन निकाला जा रहा है। कहा कि अब तक किसी भी सरकार की ओर से सकारात्मक पहल नहीं होने से संथाली भाषा ओलचिकी लिपि का अपमान होते आ रहा है।

## भंडारबेड़ा में जिला परिषद अध्यक्ष सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने सिद्धू कान्हु की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**दैनिक शुभ भास्कर/ सुष्मिता कुमारी/ नाला/ जामताड़ा/** हूल दिवस के अवसर पर नाला प्रखंड क्षेत्र के भंडार बेड़ा सहित विभिन्न सिद्धू कानू की स्मारक पर जिला परिषद अध्यक्ष राधारानी सोरेन सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने बारी-बारी से वीर सिद्धू कानू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर भंडारवेड़ा में सिद्धू कानू की प्रतिमा पर जामताड़ा जिला परिषद के अध्यक्ष राधारानी सोरेन ने पूजा अर्चना कर सिद्धू कान्हू की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव कन्हाई माल पहाड़िया ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ वीर से दुकानों की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। सचिव अशोक मांझी ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ पाकुड़िया सहित विभिन्न जगहों में सिद्धू कानू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की। वहीं जदयू के जिला अध्यक्ष सुनील कुमार राय ने भी महेशमुंडा सहित विभिन्न जगहों में सिद्धू कान्हु की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की।इस अवसर पर नेताओं ने कहा कि हुल दिवस पूरे झारखंड में 30 जून को मनाया जाता है 30 जून 1855 में अंग्रेजो के खिलाफ एक बहुत बड़ी क्रांति हुई जिसका नेतृत्व सिद्धू कानू ने किया जिसमें दस हजार से अधिक लोगों ने अपनी जान दे दी। इस लड़ाई में सिद्धू कान्हु भी शहीद हो गए ।इस लड़ाई में महिलाओं की भी महत्वपूर्ण भूमिका थी जिसका उदाहरण फूलों झानो थी। मालूम हो कि इस अवसर पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव कन्हाई माल पहाड़िया राजद के प्रदेश सचिव अशोक कुमार जी ने अपने दल बल के साथ माल्यार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए और वीर सिद्धू कानू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की। इस अवसर पर कामरेड काली पद राय ,विमल कांति घोष, मिहर मंडल, तुषार कांति मंडल ,आनंद मंडल ,विश्वनाथ सोरेन आदि मौजूद थे।

## ख़ास ख़बर

## कटिहार के गदाई दियारा में रास्ते में गाय बांधने को लेकर दो पक्षों में हुआ विवाद, बीच-बचाव करने के दौरान 52 वर्षीय व्यक्ति की पीटकर हत्या



**दैनिक शुभ भास्कर/जिला ब्यूरो चीफ/रूपेश मिश्रा/** अमदाबाद थाना क्षेत्र के गदाई दियारा में हुए इस घटना के बारे में मृतक दहारी चौधरी परिजनों ने बताया कि पड़ोस के रहने वाले लोगों ने रास्ते में ही गाय बांध दिया था इसी दौरान गांव के ही लोग उस रास्ते से गुजर रहे थे और गाय बांधने को लेकर दोनों के बीच में बहस बाजी शुरू हो गई। इसी दौरान मृतक झगड़े में बीच-बचाव करने पहुंचे थे। जहां दोनों तरफ से लाठी डंडा शुरू हो गया था। इसी दौरान मृतक के सर पर किसी ने लाठी से वार कर दिया? जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। इधर घटना के बाद लड़ाई झगड़ा कर रहे दोनों पक्ष के लोग फरार हो गए। वहीं परिजनों के द्वारा पुलिस को इसकी जानकारी दी गई। पुलिस मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज घटना के अनुसंधान में जुट गए हैं।

## किशनगंज जिलाधिकारी की अध्यक्षता में भूमि विवाद संबंधी समीक्षात्मक बैठक आयोजित कि गई



**किशनगंज ,01 जुलाई (अली रजा)/**किशनगंज जिलाधिकारी, श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभाकक्ष में भूमि विवाद की समीक्षा संबंधित मासिक बैठक आहूत की गई। विदित हो कि प्रत्येक शनिवार को जिलांतर्गत सभी थानाओं में सीओ और एसएचओ के द्वारा आयोजित जनता दरबार में समस्याओं का निपटारा करने के उद्देश्य से बैठक किया गया। समीक्षा के क्रम में सभी सीओ,डीसीएलआर को अधिक से अधिक जमीन विवाद से संबंधित समस्याओं का समाधान जनता दरबार में निपटारा करने का निर्देश दिया गया। साथ ही, जनता दरबार में कर्मचारी और अमीन को भी उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया एवं नापी का निपटारा 10 दिनों के अंदर कर लेने का भी निर्देश दिया गया। सभी आवेदन का निष्पादन उपरांत संबंधित पोर्टल पर ऑनलाइन अपलोड करने का निर्देश दिया गया। इस बैठक में अपर समाहर्त्ता( राजस्व )अनुज कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी-सह-डीसीएलआर किशनगंज, डीएसपी, एसडीपीओ एवं अन्य पदाधिकारी/सभी अंचलाधिकारी/कर्मी उपस्थित थे। बता दें कि प्रत्येक शनिवार को जिला के सभी थाना में एसएचओ और सीओ/आरओ के द्वारा तथा अनुमंडल स्तर पर एसडीओ और एसडीपीओ के द्वारा पाक्षिक रूप से जनता दरबार आयोजित कर भूमि विवाद का निपटारा किया जाता है।

## क्षेत्र के जमुई और भांगड़ा के बीच पूल में फाटक न लगने से बाढ़ आने का डर




**सिकंदरपुर, तहसील।** क्षेत्र के जमुई और भांगड़ा के बीच मेन सड़क पर बने पूल में फाटक न लगने से बाढ़ के दिनों में घाघरा नदी में बाढ़ आ जाने के बाद पानी गांव में घुसने लगता है, जिससे गांव में बाढ़ आने का डर बना रहता है, जिसको लेकर समाधान दिवस पर जमुई गांव निवासी समाजसेवी मार्कंडेय शर्मा ने आवेदन दिया तथा तत्काल फाटक लगवाने की मांग किया, जिससे कि बाढ़ आने पर किसी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न न हो सके। मारकंडे शर्मा ने बताया कि हर साल आवेदन करने तथा ऊपर के अधिकारियों तक शिकायत करने के बावजूद भी अभी तक फाटक नहीं लगाया गया है जिससे कि ग्राम वासियों को हमेशा डर बना रहा है।

# सिद्धू कान्हु मुर्मू के पोर्ट्रेट का हुआ अनावरण





**संवाददाता/ हज़ारीबाग सोहैल किरमानी/ हजारीबाग।** बदलते वक्त के साथ हर कुछ बदल रहा है लोग शिक्षा के साथ खेल के प्रति जागरूक हो रहे हैं। इसके साथ कला में भी अपनी रुचि को लोगों के सामने प्रदर्शित कर रहे हैं।

कुछ इसी तरह गिरिडीह के युवा कलाकार सुमित गुंजन के द्वारा 26 तारीख से संत कोलंबा कॉलेज के मैदान में सिद्धू कान्हु मुर्मू का पोट्रेट बनाया जा रहा था यह पोट्रेट 12,000 वर्ग फीट में बनाया गया है। जिसमें वेस्ट एवं पैंट का उपयोग किया गया है। इस पोट्रेट को बनाने में कुल 5 से 6 दिन लगें हैं।

सुमित गुंजन के साथ कुल 15 लोगों की टीम ने पोट्रेट को हजारीबाग की पावन धरती पर उतारा है। सिद्धू कान्हु मुर्मू पोट्रेट का अनावरण कार्यक्रम शुक्रवार को संत कोलंबा कॉलेज के मैदान में आयोजित किया गया जिसमें बतौर अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चौथे, विशिष्ट अतिथि के रूप में युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा, विकास कुमार, दामिनी मैम, बटेश्वर मेहता, धनेश्वर राणा, नव झारखंड फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा, विकास वाल्मीकि, सुनील कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। कलाकार सुमित गुंजन एवं उनके टीम के द्वारा तमाम अतिथियों का स्वागत किया गया।

तत्पश्चात अतिथियों ने सिद्धू कान्हु मुर्मू के पोर्ट्रेट का अनावरण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया जिसके पश्चात तमाम अतिथियों ने भव्य पोट्रेट का अवलोकन किया। सुमित गुंजन सहित तमाम टीम के सदस्यों को प्रशस्ति पत्र देकर इस नेक कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

मौके पर पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चौथे ने टीम के सभी सदस्यों को इस कार्य हेतु शुभकामनाएं दी साथ ही कहा कि ऐसी कला को हजारीबाग की धरती पर उतारना कल्पनिक है।

टीम के सदस्यों ने दूसरा वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के लिए जो कार्य किया है वह काफी सराहनीय।मौके पर युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने कहा कि सिद्धू कान्हु मुर्मू को नमन करते हुए कहा कि कलाकारों के द्वारा जो कला प्रस्तुत की गई है वह काफी अतुलनीय है।

झारखंड के लोग भी वर्ल्ड रिकॉर्ड में कला के माध्यम से अपना नाम दर्ज कर रहे हैं यह काफी सराहनीय बात है इन कलाकारों के साथ हम सदैव खड़े हैं।

मौके पर कलाकार सुमित गुंजन ने तमाम अतिथियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि वर्ष 2022 में पहला वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया गया था जो भगवान बिरसा मुंडा का पोर्ट्रेट तैयार किया गया था वर्ष 2023 में दूसरा वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के लिए सिद्धू कान्हु मुर्मू का पोट्रेट तैयार किया गया। इसको तैयार करने में कुल 5 से 6 दिन लगे हैं।

हजारीबाग वासियों ने हम सभी को काफी स्नेह प्यार और आशीर्वाद दिया है। जिसके लिए हम हृदय की गहराई से उनका आभार प्रकट करते हैं।

> **पोर्ट्रेट सिद्धू कान्हु मुर्मू को गिरिडीह के कलाकारों ने हजारीबाग की धरती पर उतारा है।**
> **ऐसी कला को हजारीबाग की धरती पर उतारना कल्पनिक है - पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चौथे।**
> **कलाकारों के द्वारा जो कला प्रस्तुत की गई है वह काफी अतुलनीय है- हर्ष अजमेरा।**

सुमित गुंजन की टीम में अमन साव, रिया कुमारी, अनुराधा साव, अभिषेक, कुंदन, श्रुति कुमारी, महक कुमारी, सुमित कुमार, गोली साव, शुभम कुमार, सोनू कुमार, प्रीत राज अंबेडकर, पिंटू साव, रुकमणी देवी एवं छोटेलाल शामिल है।

## समाज के संपन्न लोग टीबी रोगियों की मदद के लिए आगे आयें- हारून रशीद



> **(किशनगंज सदर अस्पताल में टीवी रोगियों को फूड्स पैकेट दिया गया)**


**किशनगंज 1 जुलाई (अली रजा)/** वर्ल्ड बैंक पोषित (STSU TB ) में बतौर एक्सपर्ट कार्यरत श्री हारून रशीद ने आज अपनी तरफ से किशनगंज सदर अस्पताल में टीबी रोगियों को फूड्स पैकेट वितरण किया।

श्री हारून रशीद ने दो टीबी रोगियों को छ माह तक अपनी ओर से फूड्स पैकेट देने का निर्णय किया है जिसके तहत आज वह सदर अस्पताल पहुंचे और दोनों टीबी रोगियों को फूड्स पैकेट दिया। इस अवसर पर श्री हारून रशीद ने समाज के संपन्न लोगों से अपील किया है कि आप भी एक दो टीबी रोगियों को गोद लें और छ माह तक उन्हें फूड्स पैकेट देकर इन्सानियत की मिसाल कायम करें।

उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने साल 2025 तक देश से टीबी को समाप्त करने का लक्ष्य रखा है जिसमें हम सबको मिलकर अपनी सहभागिता निभाने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि टीबी के रोगियों को सरकार की तरफ से तीन हजार रुपए दिये जाते हैं और पूरी दवाईयां मुफ्त दी जाती हैं। उन्होंने कहा कि समय रहते टीबी का इलाज बहुत जरूरी है क्योंकि अगर समय रहते इसका इलाज नहीं किया गया तो टीबी एक खतरनाक और जानलेवा बीमारी साबित हो सकती है। इस अवसर पर किशनगंज सदर अस्पताल में सीनियर ट्रिटमेंट सूपर वाईजर, मनोज कुमार वर्मा ने बताया पूरे किशनगंज जिला में आठ सौ से अधिक टीबी रोगी हैं जिन्हें किशनगंज सदर अस्पताल से मुफ्त दवा दी जाती है। उन्होंने बताया कि दो प्रकार का टीबी रोग होता है। पहला जो छ महिने के उपचार में ठीक हो जाता है जिन्हें अनुमानित 14 हजार रुपए की दवा लगती है जबकि दुसरे प्रकार के टीबी रोगियों को ठीक होने में नव से अठारह महिने लग जाते हैं जिन्हें एक अनुमानित सवा लाख रुपए की दवा दी जाती है।बहरहाल इस अवसर पर संचार रोग पदाधिकारी डाक्टर एनामूलहक, डाटा इन्ट्री आपरेटर( डीओ) कनकलता, समाज सेवी अकमल यज़दानी वगैरह भी उपस्थित थे। और सभों ने वर्ल्ड बैंक पोषित STSU TB में बतौर एक्सपर्ट कार्यरत श्री हारून रशीद के इस पहल की सराहना की और समाज के दिगर लोगों से भी टीबी रोगियों की मदद करने में अपना हाथ आगे बढाने की अपील की।

## समान नागरिक संहिता,(समय की मुख्य आवश्यकता)



**सीमा त्रिपाठी/ शिक्षिका साहित्यकार लेखिका/ लालगंज प्रतापगढ़/** समान नागरिक संहिता का अर्थ एक धर्मनिरपेक्ष कानून होता है। जो सभी धर्मों के लिए समान होता है सरल शब्दों में कहें तो समान नागरिक संहिता में प्रत्येक नागरिक के लिए एक समान कानून होता है।चाहे वह किसी भी धर्म या जाति का क्यों ना हो, इसमें शादी ,तलाक, जमीन जायदाद ,के बंटवारे आदि में सभी धर्मों के लिए एक कानून लागू होता है। अभी देश की स्थिति यह है कि सभी धर्मों के लिए अलग-अलग कानून है भारतीय धर्म संविधान के अनुच्छेद 44 के मुताबिक राज्य भारत के नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता लाने का प्रयास करेगा। जिस देश में नागरिकों में समानता के भाव होते हैं किसी प्रकार का भेदभाव नहीं होता है वह देश तेजी से आगे बढ़ता है।भारत के सभी नागरिकों के भीतर समानता का भाव उपजेगा तो यह राजनीतिक दल जातिगत राजनीति से कोसों दूर हो जाएंगे।

समान नागरिक संहिता लागू हो जाने पर सर्वप्रथम महिलाओं के साथ लैंगिक भेदभाव खत्म हो जाएगा। विवाह, तलाक, उत्तराधिकार और संरक्षण में समान अधिकार प्राप्त होगा भारत में कॉमन सिविल कोड का विरोध सबसे ज्यादा मुस्लिम पर्सनल ला बोर्ड करता है उनका मानना है कि इसको लागू करने का अर्थ सभी धर्मों पर हिंदू धर्म लागू करना है समान नागरिक संहिता लागू होने से भारत में समान नागरिक संहिता एक विस्तृत एवं व्यापक रूप से बहस का विषय है

यह संहिता अनुच्छेद 44 के अंतर्गत आती है जो यह बताती है कि भारत के समस्त राज्य के पूरे क्षेत्र में नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता सुरक्षित करने का प्रयास करना चाहिए। परंतु अफसोस की बात है कि सांसद विधायक चुनाव के समय बड़े-बड़े वादे करके संविधान के प्रति सच्ची आस्था प्रकट करते हैं वही समान नागरिक संहिता लाने में विफल रहे हैं।

विधि आयोग समाज के विभिन्न वर्गों से अच्छी प्रथाओं को शामिल करके संवैधानिक मूल्यों का प्रारूप तैयार करके भारत के सभी नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता शीघ्र लागू करने के लिए प्रयासरत हैं।

## कटिहार के ब्लड बैंक में डॉक्टर डे के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन, डॉक्टरों ने किया रक्तदान



**दैनिक शुभ भास्कर/जिला ब्यूरो चीफ/रूपेश मिश्रा/**पूरे देश में आज डॉक्टर डे मनाया जा रहा है इसी कड़ी में कटिहार सदर अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में डॉक्टर डे के अवसर पर डॉ आभा कुमारी के नेतृत्व में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया इस रक्तदान शिविर में सदर अस्पताल के अलावे निजी क्लीनिक के डॉक्टरों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया पुरुष डॉक्टर के अलावे महिला डॉक्टरों ने भी इस रक्तदान शिविर में हिस्सा लिया। महिला डॉक्टरों ने भी इस शिविर में रक्तदान किया इस अवसर पर महिला डॉक्टरों ने पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं को भी रक्तदान करने की सलाह दी रक्तदान शिविर का उद्घाटन सिविल सर्जन डॉक्टर जितेंद्र नाथ सिंह ने किया मौके पर बड़ी संख्या में सदर अस्पताल के डॉक्टर के अलावा निजी अस्पताल के भी मौजूद थे.

## कटिहार के मिर्चाईबारी में कांग्रेस पार्टी की ओर से प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन, केंद्र सरकार के 9 साल के कार्यों का किया विरोध




**दैनिक शुभ भास्कर/जिला ब्यूरो चीफ/रूपेश मिश्रा/**देश में भाजपा केंद्र सरकार के 9 साल पूरे हो चुके हैं इन 9 सालों में भाजपा की ओर से महंगाई बेरोजगारी और रोजगार को लेकर कोई काम नहीं किया गया जिसे लेकर कांग्रेस पार्टी जिला अध्यक्ष सुनील कुमार यादव की ओर से प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर भाजपा केंद्र सरकार पर जमकर कटाक्ष किए। उन्होंने कहा कि भाजपा 9 साल बेमिसाल कर रही है जबकि भाजपा के 9 साल से जनता बेहाल है महंगाई चरम पर है रोजगार नहीं है युवाओं के लिए केंद्र सरकार ने कुछ नहीं किया हाल के दिनों में महंगाई चरम पर है दिन प्रतिदिन पेट्रोल और डीजल की कीमतों में वृद्धि हो रही है इसके अलावा गैस में भी अप्रत्याशित वृद्धि के कारण मध्यमवर्गीय परिवारों को काफी परेशानी हो रही है इन्हीं सब मुद्दों को लेकर कांग्रेस की ओर से भाजपा केंद्र सरकार पर जमकर कटाक्ष किया गया

## कटिहार के कालु बाबा स्थान के पास चालक को गोली मारकर रुपए, मोबाइल व पिकअप वैन की लूट, इलाज के लिए भेजा मेडिकल कॉलेज



**दैनिक शुभ भास्कर/जिला ब्यूरो चीफ/रूपेश मिश्रा/**बरारी थाना क्षेत्र के मरघिया गांव के समीप कालू बाबा स्थान के पास हुए इस घटना के बारे में बताया जा रहा है कि बरारी थाना क्षेत्र के रविदास टोला के रहने वाले कपिल देव चौधरी देर रात पिकअप वैन लेकर लौट रहे थे। इसी दौरान अज्ञात अपराधियों ने उनके वाहन को रोका और हथियार दिखाकर रुपए, मोबाइल व पिकअप वैन लूट लिए। इस दौरान कपिलदेव चौधरी ने अपराधियों का विरोध किया। जहां अपराधी के द्वारा कपिल देव चौधरी को एक गोली कंधे के पास मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इधर घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी वहां से फरार हो गए। वही किसी तरह घायल व्यक्ति ने इसकी सूचना अपने परिजनों को दिया। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घायल को समेली उप स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए लेकर पहुंचे। वहीं इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस भी अस्पताल पहुंची। जहां घायल कपिल देव चौधरी से घटना के बारे में जानकारी लिया। घायल के बयान पर मामला दर्ज कर पुलिस आगे अनुसंधान में जुट गई है। इधर घायल का प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। जहां फिलहाल घायल व्यक्ति का इलाज चल रहा है।

**गुरु-पर्वोत्सव** 5 दिवसीय गुरुपूजा एवं अद्वैत शिवशक्ति यज्ञ का शुभारंभ

## कलश यात्रा निकलने के साथ अद्वैत शिवशक्ति परमधामपीठ डुहा में गुरु-पर्वोत्सव शुरू



**सिकन्दरपुर,बलिया।**तहसील क्षेत्र सिकन्दरपुर अंतर्गत अद्वैत शिवशक्ति परमधामपीठ डूहा में आयोजित 5 दिवसीय गुरुपूजा एवं अद्वैत शिवशक्ति यज्ञ का शुभारंभ गुरुवार को सुबह जलकलश यात्रा निकालने के साथ हुआ।

घोड़े और गाजे-बाजे के साथ परमधाम से निकली यात्रा विभिन्न मार्गों पर भ्रमण के बाद श्री वनखण्डीनाथ मठ पहुंची।भ्रमण के दौरान यात्रा में शामिल धर्मप्रेमी महिला व पुरुष अपने सरों पर कलश लिए तरह तरह के धार्मिक नारे लगाते चल रहे थे। यात्रीगण मठ में कुछ देर विश्राम और अल्पाहार लिए। इस दौरान प्रधान कार्य वरुण देव का पूजन पं0 रेवती रमण तिवारी के आचार्यत्व में विधिवत् सम्पन्न हुआ।बाद में भक्तजन अपने साथ लाये कलश में मठ के समीप स्थित सरयू का जल भर वहां से प्रस्थान कर पुन~ परमधाम वापस लौटे। जहां सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। भ्रमण के दौरान शोभायात्रा की छटा देखते ही बनती थी।सान्ध्य सत्र में संकीर्तन के बाद आश्रम अधिष्ठाता स्वामी ईश्वरदास ब्रहाचारी जी महाराज ने गुरुतत्त्व पर गम्भीर एवं व्यापक प्रकाश डाला।

कहा कि ब्रह्मज्ञ सद्गुरु ही अपनी शक्ति प्रक्षिप्त कर शिष्य की प्रसुप्त चेतना जागृत करते हैं और उसे भी अपने ही समान आत्मज्ञ-बह्मज्ञ बनाकर अनन्त उपकार करते हैं ।

गुरु की महिमा का बखान शब्दों में नहीं किया जा सकता । स्वयं को यथार्थत~ जान लेना ही जीवन की सार्थकता है और यह गुरुकृपा से ही सम्भव है

## इंद्रदेव हुए खुश बारिश से किसानों के चेहरे खिले, आम जनमानस को गर्मी से राहत



**सिकंदरपुर।** जिलेभर में गुरुवार से हो रही बारिश से धान के बेहन समेत सभी फसलों को संजीवनी मिली है। इससे किसानों के चेहरे खिल उठे। वहीं, झमाझम बारिश से लोगों को उमस से राहत मिली तो लोगों ने इसका खूब लुत्फ उठाया। मौसम विभाग की माने तो आगामी तीन दिन तक इसी तरह बारिश होने की संभावना जता रहे हैं।

बुधवार से हो रही बारिश के बाद अधिकतम तापमान कम होकर 29 और न्यूनतम 26 डिग्री पर पहुंच गया है। इस बार समय पर मानसून आने के बाद भी अच्छी बारिश न होने के कारण लोगों को उमस तो किसानों को खासकर अपनी धान की फसल की चिंता सताने लगी थी। वह बादल छाने पर आसमान निहार रहे थे। आस थी कि बारिश होगी और जब गुरुवार को बारिश शुरू हुई तो उनके चेहरे खिल उठे।क्षेत्रीय किसानों का कहना है कि यह बारिश फसलों के लिए संजीवनी का काम करेगी।

इस समय सभी फसलों के लिए बारिश की सबसे ज्यादा जरूरत महसूस की जा रही थी।

बारिश न होने के कारण धान की रोपाई पर संकट के बादल मंडरा रहे थे और फसलों की सिंचाई के लिए अतिरिक्त खर्च करना पड़ रहा था। लोगों का कहना है कि अब जाकर उमस से कुछ राहत मिली है। बारिश का बच्चों से लेकर बड़ों तक ने खूब लुत्फ उठाया।

## ख़ास ख़बर

## सदर अस्पताल में गर्भवती आदिवासी महिला की हुई मौत, परिजनों का बुरा हाल



**साहिबगंज-** ओपी थाना क्षेत्र के मारीकुटी पहाड़ महादेवगंज की रहने वाली आदिवासी गर्भवती महिला तालामय टुडू पति भगवान सोरेन को डिलीवरी के लिए सदर अस्पताल में एडमिट कराया गया था। जहां सदर अस्पताल में प्रसव होने के पहले ही उक्त आदिवासी महिला के गर्भ में पल रहे बच्चे की मौत हो गई थी। मिली जानकारी के अनुसार महिला के परिजनों ने सदर अस्पताल में एडमिट कराने से पहले उसे भगैया स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया था जहां उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल रेफर कर दिया था। जहां सदर अस्पताल में इलाज के दौरान पता चला कि उक्त महिला के गर्भ में पल रहे नवजात शिशु की मौत हो चुकी है। वही इस दौरान आदिवासी गर्भवती महिला की भी मौत इलाज के दौरान हो गई। उधर इस घटना के बाद से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था।

## नाबालिग लड़की को बहला फुसला कर अगवा करने वाला आरोपी युवक गिरफ्तार, भेजा गया जेल



**साहिबगंज-** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गोपालपुर घिसू टोला निवासी आरोपी युवक विष्णु चौधरी पिता रामचरित्र चौधरी को नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर शादी करने की नियत से अगवा करने के मामले में पुलिस ने शुक्रवार दोपहर को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। इस मामले को लेकर मुफस्सिल थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश ने बताया कि बीते अप्रैल माह में शादी करने की नियत से एक नाबालिग लड़की को अगवा करने के संबंध में परिजनों के द्वारा आवेदन दिया गया था जहां तब से उक्त आरोपी युवक फरार चल रहा था। वही गुप्त सूचना के आधार पर बीती रात आरोपी युवक को उसके घर गोपालपुर घिसू टोला से गिरफ्तार किया गया जिसका सदर अस्पताल में कोविड 19 व मेडिकल जांच करवाने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## सिद्धो कान्हू स्टेडियम में वीर शहीद की प्रतिमा पर आजसू जिलाध्यक्ष ने माल्यार्पण कर किया नमन



**साहिबगंज-** शहर के स्टेडियम रोड स्थित सिद्धो कान्हू स्टेडियम में स्थापित वीर शहीद सिद्धो कान्हू की आदमकद प्रतिमा पर हुल दिवस के मौके पर आजसू जिलाध्यक्ष चतुरानंद पांडेय के नेतृत्व में कई कार्यकर्ताओं ने शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी एवं उन्हें नमन किया। इसको लेकर आजसू जिलाध्यक्ष ने बताया कि वीर शहीद सिद्धो कान्हू, चांद भैरव ने सामंती व्यवस्था अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ जो हूल का आगाज किया था फिर से आज वर्तमान स्थिति जो भ्रष्टाचार चरम पर है उसके खिलाफ आज के युवाओं को फिर हुल क्रांति करने की आवश्यकता है। इस माल्यार्पण कार्यक्रम के मौके पर मुख्य रूप से आजसू नगर अध्यक्ष संतोष कुमार पासवान, रामप्रवेश यादव, अभिषेक यादव, छोटू कुमार, चंदन सिंह, शशिकांत दुबे, अमित तिवारी, वकील मंडल, मोहम्मद फिरोज, मोहम्मद तौफिर, मोहम्मद करीम समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## हूल दिवस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने की शिरकत



**बरहेट-** हूल दिवस के अवसर पर राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन साहिबगंज पहुंचे जहां उन्होंने पंचकठिया स्थित क्रांति स्थल पर पूजा अर्चना करते हुए वीर शहीद सिद्धो कान्हू को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद सीएम हेमंत सोरेन ने भोगनाडीह स्थित सिद्धो कान्हू पार्क में वीर शहीद सिद्धो कान्हू, फूलो झानो, चांद भैरव की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए शहीदों को नमन किया। वही उन्होंने शहीद सिद्धो कान्हू के वंशजो से मुलाक़ात भी की तथा आवास पर अवस्थित प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया।इस अवसर पर भोगनाडीह मैदान में परिसंपत्तियों का वितरण उद्घाटन एवं योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं अन्य अतिथियों को पुष्प गुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री सहित पूर्व मंत्री हेमलाल मुर्मू, राजमहल सांसद विजय हांसदा, जिला परिषद अध्यक्ष मोनिका किस्कू एवं अन्य अतिथि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस क्रम में उपायुक्त रामनिवास यादव ने मुख्यमंत्री को ज़िले में चल रहे कार्यों से अवगत कराते हुए उनका अभिनंदन किया साथ ही ज़िलेवासीयों को हूल दिवस की शुभकामनाएं दी। वही कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सभी का इतनी बारिश में भी कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए आभार व्यक्त किया। जहां कार्यक्रम के दौरान 1571.277 लाख रुपए की राशि के 99 योजनाओं का उद्घाटन एवं 14863.564 लाख रुपये के 517 योजनाओं का शिलान्यास मुख्यमंत्री के कर कमलों से किया गया। इस क्रम में कुल 16434.841 लाख रुपये के 616 योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया गया। जबकि वन विभाग द्वारा वन प्रमंडल अंतर्गत निर्मित ÷फूलो झानों स्मृति वन÷ का उद्घाटन मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के कर कमलों से किया गया। इस बीच मुख्यमंत्री के हाथों 96 लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का भी वितरण किया गया। वही कालाजार के उपचार के बाद योजना अंतर्गत 6600 रुपये की राशि देय होता है। इसके लिए 2 लाभुकों को मुख्यमंत्री के हाथों इसका लाभ दिया गया।

वही ज़िले से टीबी की रोकथाम हेतु 1 मरीज़ को मुख्यमंत्री द्वारा निश्चय मित्र के रूप में फ़ूड बास्केट वितरित किया गया जबकि राजमहल लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय हांसदा द्वारा 1 मरीज़ को निश्चय मित्र के रूप में फ़ूड बास्केट वितरित किया गया। वहीं मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना अंतर्गत चेक तथा आभा कार्ड, आयुष्मान कार्ड आदि का वितरण किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री के हाथों शिक्षा विभाग से अनुकंपा आधारित 2 लाभुक, चिकित्सा पदाधिकारी के पद पर 2 चिकित्सक को नियुक्ति पत्र, भीमराव अंबेडकर आवास योजना के लाभुकों को स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। इस बीच 429 सखी मंडल समूह को 10,7700000 की राशि का सीसीएल चेक, 4 लाभुकों को फूलो झानो आशीर्वाद योजना अंतर्गत 80000 का चेक दिया गया। जबकि सखीमंडल समूह के बीच 17 संकुल स्तरीय संगठन को ट्रैक्टर की चाबी भी प्रदान की गई। इस कार्यक्रम में उपरोक्त के अलावे डीआईजी संथाल परगना, उपायुक्त रामनिवास यादव, पुलिस अधीक्षक अनुरंजन किस्पोट्टा, वन प्रमण्डल पदाधिकारी मनीष तिवारी, उप विकास आयुक्त प्रभात कुमार बरदियार, जिले के वरीय पदाधिकारी एवं अन्य उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री ने नेक्स्ट जेन ई हॉस्पिटल का किया शुभारंभ,कहा- राज्यवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध





**साहिबगंज-** शिक्षा एवं स्वास्थ्य की बेहतर व्यवस्था से ही स्वस्थ और मजबूत समाज एवं राज्य बन सकता है। जहाँ राज्य सरकार इसी प्रतिबद्धता के साथ के साथ अपनी कार्य योजनाओं को धरातल पर उतार रही है। वही मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने हूल दिवस के अवसर पर अमर वीर शहीद सिद्धो कान्हू की पवित्र धरती बरहेट प्रखंड के भोगनाडीह में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए ये बातें कही।

**वीरों और शहीदों की धरती है झारखंड-**वही मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड सदैव से ही वीरों और शहीदों की धरती रही है। हमारे पुरखों और पूर्वजों ने एक तरफ शोषण और जुल्म के खिलाफ लंबा संघर्ष किया। वही ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ उलगुलान, भगवान बिरसा मुंडा, सिद्धो कान्हू, चांद भैरव, फूलो झानो, तिलकामांझी, नीलाम्बर पीताम्बर जैसे हजारों वीरों ने अंग्रेजों के खिलाफ जंग में अपनी बलिदानी दे दी हमें अपने इन वीर शहीदों पर गर्व है। वही आने वाली पीढ़ी को भी इनकी वीरगाथा से अवगत कराएं। **आप आगे बढ़े, सरकार आपको कार्य उपलब्ध कराएगी-**उधर सूबे के मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में हर वर्ग और हर तबके की जरूरतों को ध्यान में रखकर योजनाएं चलाई जा रही है। जरूरत है कि आप आगे बढ़ें, आपको सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से कार्य उपलब्ध कराएगी। हर व्यक्ति स्वावलंबी और सक्षम बने, यह हमारा संकल्प है।**सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से कराया अवगत-**वही मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आपकी सरकार है जहां आपके मान सम्मान की रक्षा के साथ आपको अपना हक और अधिकार मिले, इसके लिए सरकार पूरी तरह संकल्पित है। वही उन्होंने कहा कि यूनिवर्सल पेंशन स्कीम, बिरसा हरित ग्राम योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, फूलो झानो आशीर्वाद योजना, कृषि ऋण माफी योजना, नीलाम्बर पीताम्बर जल समृद्धि योजना जैसी कई योजनाएं सरकार चला रही है। इन योजनाओं से आप जुड़े और अपने को सशक्त बनाएं जहां आपका सशक्तिकरण राज्य को और भी ज्यादा सशक्त बनाएगा।**बच्चे पढ़ाई पर दें ध्यान सरकार उठाएगी खर्च-**वही मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में गुणवत्ता युक्त शिक्षा देने की दिशा में सरकार ने कई कदम उठाए हैं। जहां सरकार ने स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की शुरुआत की है। यहां निजी विद्यालयों की तर्ज पर गरीब बच्चों को निशुल्क अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा दी जा रही है। वही अन्य सरकारी विद्यालयों में सभी जरूरी संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं। इतना ही नही प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी से लेकर मेडिकल इंजीनियरिंग और अन्य कोर्स की पढ़ाई के साथ साथ विदेशों में भी उच्च शिक्षा का पूरा खर्च सरकार वहन करेगी इसलिए सभी बच्चे सिर्फ अपनी पढ़ाई पर ध्यान दें।

## 168 वें हुल दिवस के अवसर पर सीएम हेमंत सोरेन ने वन विभाग द्वारा निर्मित "फूलो झानो स्मृति वन" का किया उद्घाटन





**साहिबगंज-** 168 वें हुल दिवस के अवसर पर वन विभाग द्वारा वन प्रमंडल के द्वारा निर्मित "फूलो झानों स्मृति वन" का उद्घाटन राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा किया गया। इस अवसर पर राजमहल लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय हांसदा तथा जिला परिषद अध्यक्ष मोनिका किस्कू, उपायुक्त रामनिवास यादव, वन प्रमंडल पदाधिकारी मनीष तिवारी एवं पुलिस अधीक्षक अनुरंजन किस्पोट्टा मौजूद रहे। वही इस पार्क में किए गए कार्यों को मुख्यमंत्री द्वारा सराहा गया। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री द्वारा अपने कार्यकाल के शुरुआत में 7 दिसम्बर 2021 को शिलान्यास किया गया तथा अपने कार्यकाल में ही इससे पूर्ण कर जनता को समर्पित किया गया। इस अवसर पर वन प्रमंडल पदाधिकारी द्वारा यह जानकारी दी गई की इस पार्क को आज से सार्वजनिक रूप से खोल दिया गया है तथा इसमें टिकट दर 10 रुपए प्रति व्यक्ति रखी गई है। वही पार्क में एक तालाब है जिसमे फव्वारा लगाया गया है जो अति मनमोहक है। इसके अलावा पार्क में कई प्रकार के फूलो की प्रजातियां लगाई गई हैं एवं बच्चो के खेलने के लिए ओपन जिम तथा कई प्रकार के झूलों को लगवाया गया है। वही बरहेट प्रखंड क्षेत्र के भोगनाडीह में इस पार्क के बन जाने से शिवगादी धाम आने वाले पर्यटकों को घूमने में काफी सुविधा होगी।इस पार्क को गुमानी बैराज परियोजना में दिए गए वनभूमि के बदले क्षतिपूरक के तौर पर वन विभाग को प्राप्त 2.57 हेक्टेयर क्षेत्रफल में 1.5 साल के रिकॉर्ड समय में पूर्ण किया गया है जिसके लिए मुख्यमंत्री द्वारा वन विभाग की सराहना की गई है।

## विधायक प्रतिनिधि ने किया कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन



**बरहरवा-** ईद उल अजहा के मौके पर बरहरवा प्रखंड के सियासी हाटपाडा मैदान में शुक्रवार को दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जहां 2 दिनों तक चलने वाले इस प्रतियोगिता का उद्घाटन विधायक प्रतिनिधि सह बीस सूत्री सदस्य अशोक दास ने फीता काटकर किया। इस प्रतियोगिता में राधानगर, मिर्जापुर, शुक्रबासनी, आबराटोला, नुराई, साहेबडांगा के अलावे आठ गांव की टीम भाग लेंगी। वही प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच सिरासीन ( ए ) तथा सिरासीन ( बी) टीम के बीच खेला गया जिसमें सिरासीन गांव की टीम ए विजय हुए। उधर दोनों ही टीम ने बढ़िया खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस दौरान खिलाड़ियों को विधायक प्रतिनिधि अशोक कुमार दास ने संबोधित करते हुए कहा कि खेल से आपसी सौहार्द और मित्रता बढ़ती है साथ ही शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए खेल अति आवश्यक है। इस प्रतियोगिता का फाइनल मैच शनिवार को खेला जाएगा जिसमें सूबे के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम इस मैच के मुख्य अतिथि होंगे जहां फाइनल के विजेता एवं उपविजेता टीम को छोटा बड़ा फ्रिज देकर सम्मानित किया जाएगा। इस मैच के सफल संचालन में जरूर शेख, बबलू शेख, वसीम अकरम, बैतूल शेख, नासिर शेख, सोहर आलम, जाकिर शेख आदि ने सक्रिय सहयोग किया।

कार्यक्रम | कार्यक्रम की अध्यक्षता बरहेट प्रखण्ड अध्यक्ष शीश मोहम्मद अंसारी द्वारा किया गया

## झारखंड राज्य सहायक अध्यापक महासंघ के बैनर तले राज्यव्यापी कार्यक्रम हुई आयोजित



**साहिबगंज-** झारखंड राज्य सहायक अध्यापक महासंघ के बैनर तले वादा पुरा करो हेमंत सरकार, सहायक अध्यापक आपके द्वार राज्यव्यापी कार्यक्रम के तहत जिले के बरहेट प्रखंड के नवगछि मैदान में विशाल जनसभा आयोजित कर हेमंत सरकार के वादा खिलाफी के विरोध में बरहेट बाजार से विशाल मशाल जुलूस निकाल कर सरकार को अपना वादा याद दिलाया गया। इस कार्यक्रम में झारखंड राज्य सहायक अध्यापक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद सिद्दीक शेख, महासंघ के संयोजक बिनोद तिवारी, कार्यकारी अध्यक्ष विकास कुमार, महासचिव विकास कुमार चौधरी एवं सुमन कुमार सिंह के अलावे संथाल परगना के 6 जिलो एवं 50 प्रखंडो कमेटी के 3000 सहायक अध्यापक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता बरहेट प्रखण्ड अध्यक्ष शीश मोहम्मद अंसारी एवं संचालन साहिबगंज जिला सचिव शमशुल अंसारी के द्वारा किया गया। जहां सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद सिद्दीक शेख ने कहा कि हेमन्त सोरेन ने विधानसभा चुनाव में वोट पटना एवं दिल्ली वाले नही करेगें, वोट तो आपके लिए झारखंड संथाल परगना की आम जनता करेगी एवं बरहेट के सहायक अध्यापक करेंगे। उधर राज्य के सहायक अध्यापक सत्ता के लिए मौसम बना सकती है तो मौसम बिगाड़ भी सकती है। हमने संघर्ष के बाद राज्य में माटी की सरकार बनाई अब अगर माटी की सरकार वादे से पल्टी तो झारखंडी माटी के मानुष के साथ धोखा होगा। वही महासंघ के प्रदेश संयोजक बिनोद तिवारी ने कहा कि संथाल परगना के साथियों की जुनून मुसलधार बारिश के बीच बता रही है कि मांगो पर सकारात्मक विचार नही हुआ तो सरकार के खिलाफ विद्रोह होगा। वही महासंघ के महासचिव विकास कुमार चौधरी ने कहा कि चुनाव पुर्व एवं संविदा संवाद में घोषित वेतनमान के वादे को पुरा करना होगा। जहां जनसभा के माध्यम से सरकार को सूचित कर रहे है कि 5 सितंबर शिक्षक दिवस पर मुख्यमंत्री आवास घेराव किया जायेगा जिसके बाद संथाल के सभी विधानसभा में विधानसभा सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इस दौरान महासंघ के कार्यकारी अध्यक्ष विकास कुमार ने कहा कि सहायक अध्यापक सेवा शर्त नियमावाली 2021 लागू होने के उपरांत ईपीएफ, सीटेट, अनुकम्पा, कल्याण कोष, सेवा पुस्तिका का लाभ ना मिलने से नियमावाली कोरा कागज बनकर रह गया है। वही पदाधिकारियों के कारण हेमन्त सरकार बदनाम हो रही है। वही संघ के प्रधान सचिव सुमन कुमार ने कहा कि राज्य के सहायक अध्यापकों के सहनशक्ति की परीक्षा ना लें सरकार। वही नियमावाली लागू होने के उपरांत जनवरी 2022 के बाद 70 से अधिक सहायक अध्यापको की मृत्यु हो चुकी है।जहां सरकार सेवानिवृत्त एवं मृत सहायक अध्यापकों के परिवार को दस लाख रुपए आर्थिक सहयोग समझौता अनुसार देना होगा।

## हुल दिवस कार्यक्रम में शरीक होने के लिए वनांचल एक्सप्रेस से बरहरवा पहुंचे सीएम हेमंत सोरेन, झामुमो कार्यकर्ताओं ने सीएम का किया जोरदार स्वागत



**बरहरवा-** झारखंड के वीर सपूत सिद्धो कान्हू, चांद भैरव और फूलों झानो को हुल दिवस के मौके पर श्रद्धांजलि देने के लिए राँची से वनांचल एक्सप्रेस ट्रेन के माध्यम से बरहरवा रेलवे स्टेशन पहुंचे। जहां बरहरवा रेलवे स्टेशन पर सीएम का आगमन होने पर उपायुक्त रामनिवास यादव, पुलिस अधीक्षक अनुरंजन किस्पोट्टा सहित अन्य पदाधिकारियों ने सीएम हेमंत सोरेन को बुके देकर उनका स्वागत किया। वही इसके बाद पुलिस के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। वही बरहरवा रेलवे स्टेशन पर झामुमो कार्यकर्ताओं ने हेमंत सोरेन जिंदाबाद, वीर शिबू सोरेन जिंदाबाद के नारे लगाए। इसके बाद मुख्यमंत्री अपने काफिले के साथ पतना धर्मपुर स्थित सीएम आवास पहुंचे। ज्ञात हो कि हुल दिवस के कार्यक्रम को लेकर सीएम हेमंत सोरेन अपने निजी आवास से पंचकठिया सिद्धो कान्हू क्रांति स्थल पर पहुचेंगे एवं उन्हें वीर शहीदों को श्रधांजलि अर्पित करेंगे। जहाँ बरहेट प्रखंड के भोगनाडीह गांव में वीर शहीद सिद्धो कान्हू के वंशजों से मुलाकात करेंगे। साथ ही विभिन्न योजनाओं के माध्यम से नियुक्ति पत्र एवं परिसंपत्तियों का वितरण भी करेंगे। इस मौके पर राजमहल एसडीओ रौशन कुमार साह, सीएस डॉ. रामदेव पासवान, बरहरवा एसडीपीओ प्रदीप उरांव, बरहरवा इंस्पेक्टर कुलदीप कुमार, बरहरवा आरपीएफ प्रभारी प्रशांत भट्टाचार्य, स्टेशन सुपरिंटेंडेंट निरंजन भगत, बरहरवा बीडीओ समीर अल्फ्रेड मुर्मू, पतना बीडीओ सह सीओ सुमन कुमार सौरभ, जीआरपी थाना प्रभारी मंगल उरांव, रांगा थाना प्रभारी अमन कुमार सिंह, बरहरवा थाना प्रभारी प्रियेश प्रसून सहित अन्य पुलिस प्रशासन व एवं अन्य झामुमो कार्यकर्ता मौजूद थे।

## ख़ास ख़बर

# गिरिडीह में जमीन विवाद को लेकर वृद्ध की पीट-पीट कर हुआ हत्या, परिजनों ने लगाया आरोप



**गिरिडीह/**जमीन विवाद के मामले में गिरिडीह के गांडेय थाना क्षेत्र के बरमसिया वन गांव में शनिवार की शाम 58 वर्षीय कामिल मियां की मौत संदेहास्पद हालात में हो गया। मौत का कारण फिलहाल स्पस्ट नहीं हो पाया। लेकिन मामले को हत्या से जोड़ा जा रहा है। जबकि मौत के कारणों की चर्चा जमीन विवाद के दौरान दो पक्षों में हुए बहस के क्रम में किसी बीमारी से होने को लेकर भी है कि तो मृतक के परिजनों ने कामिल मियां की हत्या का आरोप गांव के ही झरी मियां पर लगाया है। जबकि मामले में गांडेय थाना प्रभारी साकेत प्रताप ने कहा कि मौत का कारण स्पस्ट नहीं है। यह सही है कि मृतक के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। लिहाजा, परिजनों द्वारा आवेदन मिलने के बाद उसी आधार पर कार्रवाई होगा। हत्या हुआ है तो जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस बीच शाम को हुए घटना ने पूरे गांव में अफरा-तफरी का माहौल पैदा कर दिया। देखते ही देखते ही ग्रामीणों की भीड़ घटनास्थल में जुटनी शुरु हो गई। मृतक के परिजन भी घटनास्थल पहुंचे, तो देखा कि कामिल मियां का शव जमीन पर पड़ा हुआ है। कामिल मियां का शव देखते ही परिजनों का गुस्सा भी फूट पड़ा। इस बीच जानकारी मिलने के बाद गांडेय थाना पुलिस भी घटनास्थल बरमसिया वन गांव पहुंची, और पूरे मामले की जानकारी ली। थाना प्रभारी साकेत प्रताप ने गांव में हुए घटना को लेकर कई ग्रामीणों से जानकारी जुटाया। फिलहाल हत्या का आरोप गांव के झरी मियां और उसके बेटों पर लगा है। लेकिन हत्या में शामिल आरोपियों को दबोचने के लिए पुलिस की कार्रवाई जारी है। जानकारी के अनुसार गांव में शनिवार दोपहर एक जमीन का नापी होना था। लिहाजा, जमीन नापी को लेकर दोनों जुटे थी, और नापी भी शुरु हुआ। लेकिन जमीन नापी को लेकर ही किसी बात पर दोनों के बीच विवाद शुरु हो गया। और दोनों के बीच विवाद इतना बढ़ा कि आरोपी झरी मियां ने अपने बेटों के साथ मिलकर 58 वर्षीय कामिल मियां को लात-घूसों से पीटना शुरु कर दिया। आरोपियों द्वारा किए गए लगातार पीटाई के कारण ही वृद्ध कामिल मियां की मौत मौके पर हो गई।

# मोंगिया स्टील समूह ने किया राज मिस्त्री और कांट्रेक्टर मिलन समारोह का आयोजन, बांटे कई उपहार




**गिरिडीह/**गिरिडीह की जानी मानी टीएमटी कंपनी मोंगिया स्टील समूह ने शनिवार को नगर भवन में राज मिस्त्री और कांट्रैक्टर मिलन समारोह का आयोजन किया। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच आयोजित मोंगिया स्टील समूह के मिलन समारोह में सैंकड़ो की संख्या में राज मिस्त्री और कांट्रैक्टर जुटे। समारोह का उद्घाटन मोंगिया समूह के चौयरमेन डा. गुणवंत सिंह मोंगिया और समूह के निदेशक गिन्नी सिंह मोंगिया, उपनिदेशक सन्नी सिंह सलूजा ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। इस दौरान समारोह में लक्की ड्रा कूपन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। लक्की ड्रा कूपन में विनर राज मिस्त्रीयों और कांट्रेक्टर के बीच वांशिग मशीन, फ्रिज, बर्तन सैट, मोबाइल सहित अन्य उपहार का वितरण किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोंगिया समूह के चौयरमेन डा. गुणवंत सिंह मोंगिया ने कहा कि वे बाजार में प्रतिस्पर्धा के भावना से नहीं आना चाहते। बल्कि मोंगिया कंपनी का टीएमटी लोगों में एक भरोसा पैदा कर सके, इसके लिए मोंगिया कंपनी प्रोडक्ट तैयार करती है। कहा कि कंपनी के लिए आसान नहीं था, लोगों में एक भरोसा बनना। इसके लिए कई साल तपस्या करनी पड़ी तभी मोंगिया एक ब्रांड बनकर उभरा है।इस दौरान समारोह में मौजूद कई राज मिस्त्री और कांट्रेक्टरों ने अपने-अपने राय मोंगिया कंपनी के टीएमटी को लेकर साझा करते हुए कहा कि सरकारी भवन से लेकर हर तरह के मकान और भवन समेत पुल निर्माण में क्वालिटी के अनुसार मोंगिया टीएमटी एक ब्रांड बना हुआ है। वहीं सम्मेलन में मोंगिया समूह के मार्केटिंग हेड आदिल सिद्दकी, टेक्नीकल सलाहकार रविरंजन, विक्रम कुमार समेत कंपनी के कई प्रतिनिधी शामिल थे।

# पड़ताल- तिसरी के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में विद्यालयों की स्थिति दयनीय, कहीं एमडीएम है बंद तो कहीं विद्यालय ही बंद




**गिरिडीह/**गिरिडीह जिले के तिसरी प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र क्षेत्रों में संचालित विद्यालयों की स्थिति दयनीय हो गई है। स्थिति यह है कि कहीं विद्यालय में विद्यार्थी नहीं है तो कहीं विद्यालय से शिक्षक गायब है। वहीं कई विद्यालय ऐसे भी हैं जहां एमडीएम बंद है तो कुछ विद्यालय ऐसे भी है जो पूरा बंद है। बता दें शनिवार को ऐसे ही चार विद्यालयों की पड़ताल की गई जहां दो विद्यालय बंद मिले। वहीं दो विद्यालय में एमडीएम और विद्यार्थी ही नजर नहीं आए। जबकि एक विद्यालय के एक शिक्षिका ही गायब नजर आई, हालांकि बाद में सूचना मिलने पर वह भी विद्यालय पहुंच गई।**मध्य विद्यालय खाखोढाब में मिली कई समस्याएं**-बता दें सूत्रों से मिली सूचना पर जब विद्यालय का पड़ताल किया गया तो विद्यालय में गिने चुने बच्चे ही नजर आए। और जितने भी बच्चे विद्यालय में मौजूद थे उन्हे विद्यालय के शिक्षक द्वारा खेलने के लिए छोड़ दिया गया था। विद्यालय में जब एमडीएम के बारे में जानकारी ली गई तो विद्यालय में एमडीएम बंद मिला। प्राप्त जानकारी के अनुसार विद्यालय में 100 से अधिक बच्चों का नामांकन है किंतु विद्यालय में बच्चों की उपस्थित दर्जन से भी कम है। पति पत्नी विद्यालय के शिक्षक व शिक्षिका हैं। किंतु इनमें से सिर्फ एक ही शिक्षक विद्यालय आते हैं। इसके अलावा विद्यालय में पेयजल की भी व्यवस्था नहीं है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार विद्यालय के शिक्षक इंटर डीपीई ट्रेनिंग में फेल है बावजूद अतिरिक्त भुगतान उठा रहे हैं।इस संबंध में पूछे जाने पर विद्यालय के शिक्षक बरनाट हेंब्रम ने अपनी कहानी ही सुना डाला। उन्होंने कहा कि आज पास में पूजा होने के कारण कम बच्चे उपस्थित हुए है।



विद्यालय के साफ सफाई के बाद बच्चों को खेलने का मन था इसलिए उन्हें पढ़ाया नहीं जा रहा है। रसोइया की भी तबियत खराब है जिस कारण वह विद्यालय नहीं आई और एमडीएम नहीं बन पाया। वहीं शिक्षको के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि उनकी पत्नी जो कि इस विद्यालय की शिक्षिका हैं उनका तबियत 2 मार्च से अधिकांश खराब रहता है। जिस कारण वह विद्यालय में पूरी तरह से सेवा नहीं दे पाती हैं। आज विद्यालय आने में उन्हें देर हो गई है।**उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कोचाकुल्ही में नहीं थे बच्चे**-मध्य विद्यालय खाखोढाब के बाद जब उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कोचाकुल्ही की पड़ताल की गई तो विद्यालय में एक भी बच्चे नजर नहीं आए। एमडीएम के बारे में जब विद्यालय के शिक्षकों से जानकारी ली गई तो एमडीएम बंद पाया गया। इस संबंध में जब विद्यालय के शिक्षकों से जानकारी ली गई तो उन्होंने कहा कि विद्यालय आज खुला था। बच्चे भी विद्यालय पहुंचे थे। किंतु अभी बच्चे भोजन करने अपने घर गए हैं। खाना खाने के बाद सभी विद्यालय वापस आ जायेंगे। वहीं जब उनसे एमडीएम बंद होने का कारण पूछा गया तो उन्होंने कहा कि विद्यालय का चापानल खराब हो गया है जिस कारण पानी नहीं है और एमडीएम बंद है। साथ ही कहा कि अभी मिस्त्री से चापानल ठीक करवाया जा रहा है। आगे एमडीएम में कोई दिक्कत नहीं होगी। बता दें सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त विद्यालय में भी घोर अनियमितता है। विद्यालय में कभी एमडीएम बनता है तो कभी नहीं बनता है। विद्यालय प्रबंधन द्वारा मनमाने रवैए से विद्यालय का संचालन करने एवं शिक्षक के पत्नी द्वारा रसोइया का कार्य करने व भुगतान उठाने की जानकारी प्राप्त हुई थी।**उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय लेंबोटांड समय से पहले कर दिया गया बंद**-बताते चलें कि जब इस विद्यालय का पड़ताल किया गया तो विद्यालय के कमरों में ताला लटका मिला। आस पास के ग्रामीणों से जब जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि विद्यालय खुला तो जरूर था, किंतु शिक्षक बंद कर के चले गए हैं। नाम नहीं छापने की स्थिति में उन्होंने कहा कि विद्यालय में एक ही शिक्षक प्रेमचंद मुर्मू हैं और उनके द्वारा मनमाने तरीके से विद्यालय का संचालन किया जाता है। विद्यालय में एमडीएम तो बनता जरूर है किंतु लकड़ी के चूल्हों पर और इसमें भी अनियमितता बरती जाती है। मध्यान भोजन सूची के अनुसार नहीं दिया जाता है। इसकी जानकारी जब विद्यालय के शिक्षक से लेने का प्रयास किया गया तो उनसे संपर्क नहीं हो पाया। इसके अलावा जब उत्क्रमित मध्य विद्यालय खोरो की भी जब पड़ताल की गई तो वह भी विद्यालय में ताला लटका मिला। हालांकि विद्यालय कब बंद हुआ या विद्यालय खुला ही नहीं इसकी जानकारी प्राप्त नहीं हो पाई।**क्या कहते हैं अधिकारी**-इस संबंध में पूछे जाने पर डीएसई बिनय कुमार ने कहा कि तिसरी के तर्ज पर अगर जिले के किसी भी विद्यालय में एमडीएम चावल उपलब्धता को छोड़कर किसी भी कारण से एमडीएम बाधित रहता है तो उस विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक व एसएमसी के ऊपर जिम्मेवारी जाती है और उनके ऊपर शख्त कार्यवाई की जायेगी। वहीं विद्यालय में मनमाने ढंग से आने वाले शिक्षक या बंद रखने वाले शिक्षकों के वेतन में कटौती की जायेगी। वर्तमान में जिन विद्यालयों का मामला आया है, सभी के विरुद्ध जांच कर कार्रवाई की जायेगी।**क्या कहते हैं जनप्रतिनिधि**-इस संबंध में 20सूत्री अध्यक्ष मो मुनुबुद्दीन ने कहा कि प्रखंड में जितने भी विद्यालय संचालित है और जहां शिक्षकों की मनमानी की शिकायतें आ रही है। इस पर बीईईओ अविलंब संज्ञान लेकर कार्रवाई करें। साथ ही सुनिश्चित करें कि किसी भी विद्यालय में बच्चों की पढ़ाई व एमडीएम बाधित नहीं हो। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालयों में गरीब के बच्चे पढ़ते हैं और ऐसा व्यवहार उनके साथ धोखाधड़ी है। अगर जल्द ही बीईओ शिक्षा व्यवस्था में सुधार नहीं करते हैं तो वे उपयुक्त को लिखित शिकायत करने का कार्य करेंगे।वहीं भाजपा नेता नरेश यादव ने कहा कि झामुमो की सरकार में उम्मीद नहीं किया जा सकता है कि शिक्षा का स्तर ऊपर उठ सके। जब भाजपा की सरकार नहीं आएगी तब तक शिक्षा का स्तर ऊपर नहीं उठ सकता है। यहां के प्रखंड प्रसार शिक्षा पदाधिकारी है वह सिर्फ ऑफिस में बैठ कर कार्य करते हैं जबकि उन्हें फील्ड विजिट करना चाहिए। और जो विद्यालय बंद रहते हैं उन्हें चिन्हित कर उन पर कार्यवाई करना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि सुदूरवर्ती क्षेत्रों में कई बार उन्होंने दौरा भी किया है कई स्कूल बंद ही नजर आते हैं। ऐसे विद्यालय के शिक्षकों पर अवश्य ही कार्रवाई होनी चाहिए।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं का बैठक हुआ संपन्न, कई विषयों पर किया गया चर्चा

**बिरनी, गिरिडीह/**शुक्रवार को बिरनी प्रखंड के केंदुआ पंचायत अंतर्गत केंदुआ फुटबॉल मैदान में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सरिया बगोदर और बिरनी के कार्यकर्ता मौजूद थे।



कार्यकर्ताओं ने कहा की बिरनी में 3 जुलाई को प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर का आगमन होने वाला है, जिसको लेकर हम सभी तैयारी कर रहे हैं। वही मध्य जोन के जिला परिषद सदस्य साजदा खातून एवं डॉक्टर सलीम अंसारी समेत सैकड़ों कार्यकर्ता तीन जुलाई को राजेश ठाकुर के अध्यक्षता में कांग्रेस पार्टी में सदस्यता ग्रहण करेंगे और आगे आने वाला दिन में कांग्रेश बगोदर विधान सभा में मजबूती के साथ चुनाव में उतरने का काम करेंगे। साथ ही कार्यकर्ताओं ने कहा कि बगोदर विधानसभा में परिवर्तन की जरूरत है और तीसरे विकल्प के रूप में बगोदर विधानसभा की जनता कॉन्ग्रेस को अपना बहुमत देने का काम करेगी।

बैठक में इंटक प्रदेश अध्यक्ष राज किशोर सिंह, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता वासुदेव वर्मा, प्रखंड अध्यक्ष निरंजन कुमार राय, सरिया प्रखंड अध्यक्ष मुरली मंडल, बीस सूत्री अध्यक्ष इतवारी महतो, महासचिव राजेश कुमार वर्मा, पंचायत समिति सदस्य सलीम अंसारी, समाजसेवी राजू अंसारी, सुरेंद्र वर्मा, मकसूद आलम, हाफिज अख्तर अंसारी, प्रमोद राय, महेंद्र ठाकुर, सुबोध वर्मा, गुली महतो, काज मुद्दीन अंसारी, सिराज अंसारी, अजय शर्मा, यूसुफ आजाद, चंद्रिका महतो, डॉक्टर आशिक अंसारी, ताराचंद दास, महबूब सनम आदि उपस्थित थे।

**जिप सदस्य शाजदा खातून एवं सलीम अंसारी के कांग्रेस में सदस्यता को लेकर की गई चर्चा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के स्वागत पर की बैठक**

फायर बिग्रेड | गावां प्रखंड में पर्याप्त साधन नहीं है ना तो अग्निशामक वाहन है

# गावां प्रखंड में नहीं है फायर बिग्रेड की गाड़ी, जिला एवं अनुमंडल से पहुंचते-पहुंचते सब कुछ हो जाता है राख




**संवाददाता राजमणि पाण्डेय/ गिरिडीह-** गिरिडीह जिला के खोरी महुआ अनुमंडल अंतर्गत गावां प्रखंड में भीषण गर्मी पड़ रही है लोहे के तवे की तरह धरती तप रही है! सूरज मानो आग उगल रहा हो! इस प्रचंड गर्मी में एक छोटी सी चिंगारी सब कुछ जलाकर खाक कर सकती हैं लेकिन इससे बचाव के लिए गावां प्रखंड में पर्याप्त साधन नहीं है ना तो अग्निशामक वाहन है और ना ही कर्मचारी और ना ही इसके लिए पर्याप्त वाटर टैंक जिससे ग्रामीण या सुदूरवर्ती क्षेत्रों में आग लगने पर तुरंत काबू नहीं पाया जा सकता है ज्यादातर मामले में आग जब सबकुछ स्वाहा कर चुकी होती है तब फायर बिग्रेड की गाड़ी सिर्फ राख ठंडा करने पहुंचती है फायर बिग्रेड पहुंचने तक सबकुछ समाप्त हो चुका होता है हां शहर के आसपास के क्षेत्रों में अग्निशामक वाहन सही सूचना मिलने पर समय पर पहुंचती है और आग पर काबू भी पाती है परंतु गावां प्रखंड के अनेक ऐसे सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र हैं खोरी महुआ अनुमंडल एवं गिरिडीह जिला से अग्निशामक वाहन पहुंचते-पहुंचते बहुत देर हो जाती है गावां प्रखंड की आबादी एक लाख से अधिक है उसके बाद ही इतने बड़े क्षेत्र में एक भी फायर बिग्रेड की गाड़ी नहीं है! बहुत से प्राइवेट एवं सरकारी संस्थानों विद्यालय मैं भी अग्निशामक किट देखने को नहीं मिलता है! जिला से 100 किलोमीटर एवं अनुमंडल से 50 किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद अग्निशामक फायर बिग्रेड की गाड़ी क्षेत्र में पहुंच पाती है तब तक घटनास्थल पर सब जलकर खत्म हो जाता है! गावां प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र पिहरा मैं अगर आग लग जाती है तो अनुमंडल क्षेत्र से दमकल विभाग को आते-आते बहुत समय लग जाता है!

विधानसभा में भी दमकल बढ़ाने का मुद्दा उठाया गया था कि गिरिडीह जिला के 13 प्रखंड में फायर स्टेशन हो जहां कम से कम एक अग्निशामक वाहन हमेशा रहे! गावां प्रखंड क्षेत्र में फायर बिग्रेड अग्निशामक वाहन नहीं रहने के कारण कई बड़ी आगजनी घटना घटी है कई घर जलकर खाक हो गए हैं गर्मी के समय में कई किसान के घर इस आग की चपेट मैं आ जाते हैं! इतनी बड़ी आबादी पर अगर एक फायर बिग्रेड की गाड़ी रहे तो भविष्य में अग्निकांड की घटना से निदान पाया जा सकता है!

# उच्च न्यायालय के जोनल जज पहुंचे गिरिडीह, किया औचक निरीक्षण



**गिरिडीह/**झारखंड उच्च न्यायालय के जोनल जज आंचलिक न्यायाधीश राजेश शंकर शनिवार को गिरिडीह पहुंचे और व्यवहार न्यायालय का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान उनके साथ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश वीना मिश्रा, जिला जज प्रथम गोपाल पांडेय, जिला जज अष्टम यशवंत प्रकाश समेत कई न्यायिक अधिकारी और मजिस्ट्रेट के अलावे अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रकाश सहाय, महासचिव चुन्नूकांत मौजूद थे। जोनल जज राजेश शंकर ने जरूरत के अनुसार कोर्ट के संसाधन का इस्तेमाल कर न्यायिक कार्य का तेजी से निस्पादन करने का सुझाव दिया। इस दौरान न्यायालय परिसर में वृक्षारोपण करते हुए कई फलदार पौधे लगाए गए। इसके बाद जोनल जज राजेश शंकर के साथ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश वीना मिश्रा समेत कई अधिकारी मुफ्फसिल थाना इलाके के योगीटांड़ पहुंचे और कोर्ट के नए प्रस्तावित भवन का निर्माण स्थल का जायजा लिया। योगीटांड़ की जमीन देखकर जोनल जज राजेश शंकर भी संतुष्टि जाहिर की।

# प्रभात फैरी के साथ शुरू हुई गायत्री परिवार द्वारा आयोजित तीन दिवसीय गुरु पूर्णिमा पर्व



**गिरिडीह/**गायत्री शक्तिपीठ आयोजित तीन दिवसीय गुरु पूर्णिमा पर्व की शुरूआत शनिवार की सुबह प्रभात फेरी के साथ की गई। प्रभात फेरी का शुभारंभ गायत्री शक्तिपीठ से किया गया। जो शहर का भ्रमण करते हुए वापस गायत्री शक्तिपीठ पहुंचकर समाप्त हुई। इस दौरान गायत्री परिवार के लोगों के द्वारा हम बदलेंगे युग बदलेगा, हम सुधरेंगे युग सुधरेगा, एक पिता की सब संतान, नशा नाश की जड़ है भाई, फल इसका अति दुखदाई है सरीखे नारे लगाए जा रहे थे।मौके पर गायत्री परिवार के जिला प्रमुख कामेश्वर सिंह ने कहा कि तीन दिनों तक चलने वाले गुरु पूर्णिमा पर्व कार्यक्रम के तहत आज प्रातः प्रभात फेरी निकाली गई है। वहीं रविवार को दिनभर अखंड जप का आयोजन किया जाएगा एवं शाम को दीप महायज्ञ संपन्न होगा। बताया कि पर्व के अंतिम दिन सोमवार को गुरु पूजन एवं पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला प्रमुख कामेश्वर सिंह, दयानंद प्रसाद, विनोद कुमार अग्रवाल, नरेश प्रसाद यादव, अरुण कुमार, सहदेव प्रसाद कुशवाहा, अनिरुद्ध राम, प्रकाश राम, भागीरथ प्रसाद सिंह, दर्शन पंडित, भागवत राम, महेश गुप्ता, उर्मिला बरनवाल, पूनम बरनवाल, कंचन सिन्हा, शीला देवी, पार्वती वर्णवाल, अर्चना देवी, वीणा गुप्ता, आशा बरनवाल सहित प्रज्ञा मंडल एवं महिला मंडल के सदस्य सराहनीय योगदान दे रही है।

# लायंस जागृति क्लब ने मनाया डॉक्टर्स व सीए डे, एकल विद्यालय में किया वृक्षारोपण




**गिरिडीह/**लायंस क्लब की महिला विंग जागृति क्लब के द्वारा शनिवार को डॉक्टर्स डे और सीए डे के मौके पर शहर के जाने माने चिकित्सकों व सीए को सम्मानित किया गया। इस दौरान क्लब की ओर से बघरा स्थित एकल विद्यालय अभियान सेंटर में वृक्षारोपण भी किया गया।वृक्षारोपण के बाद क्लब की सभी सदस्य शहर की जानी मानी चिकित्सा अमिता राय व सुरेश ब्रह्मचारी के अलावे सीए विकास खेतान और श्रवण केडिया के ऑफिस में जाकर उन्हें सम्मानित करते हुए बधाई दी।मौके पर क्लब की अध्यक्षा सरिता बरनवाल सहित अन्य पदाधिकारियों ने चिकित्सकों व सीए को शॉल ओढ़ाकर व पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। इस दौरान लांयस जागृति की सचिव मिना गुप्ता, कोषाध्यक्ष शशीकला, एमजीएफ मीता गुप्ता के अलावे बीन्नी साव, रीना सिंह, बबिता बरनवाल, सुशमा गुप्ता, इन्दू बाला सहित कई सदस्य उपस्थित थी।

# डॉक्टर्स डे और सीए डे के मौके पर रोटरी क्लब ने किया वृक्षारोपण कार्यक्रम



**गिरिडीह/**डॉक्टर्स डे और सीए डे के मौके पर शनिवार को रोटरी क्लब व रोटेरियन एमडी सह शिवम आयरन एंड स्टील लिमिटेड के निदेशक प्रमोद अग्रवाल के द्वारा संयुक्त तत्वाधान में शिवम प्लांट के कैम्पस में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कैम्पस में 250 फलदार वृक्षारोपण कर, वृक्षों मे पानी डाल कर की गई। इस दौरान शहर के जाने माने डॉक्टर्स और चार्टर्ड एकाउंटेंट को सम्मानित करने के साथ ही कैक काटकर उन्हें बधाई दी। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ एसके डोकानिया, रोटेरियन प्रमोद अग्रवाल, रोटेरियन मीडिया प्रभारी विकास बसईवाला ने बधाई देते हुए हर प्रोजेक्ट में एक दूसरे को सहयोग करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान रोटरी क्लब के नए सत्र के अध्यक्ष मनीष तारवे, सचिव आशीष तारवे, विजय सिंह, राजन जैन, तारकनाथ देव, डॉ विकास माथुर, चरणजीत सिंह, तरनजीत सिंह, अभिषेक जैन, प्रशान्त बगरिया तथा रोटरी गिरिडीह के कई मेंबर्स डॉ एसके डोकानिया, डॉ गुणवंत सिंह मोंगिया, राजेंद्र बगड़िया मौजूद थे।

# गर्म पानी गिरने से महिला झुलसी, इलाज के लिए लाई गई सदर अस्पताल



**साहिबगंज-** ओपी थाना क्षेत्र के अंबाडिहा नया टोला में खाना बनाने के दौरान गर्म पानी शरीर पर गिर जाने के कारण एक महिला गंभीर रूप से झुलस गई। जहां आनन फानन में महिला के परिजनों ने उसे बेहतर उपचार के लिए साहिबगंज सदर अस्पताल लेकर आए। जहां सदर अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात डॉ. मुकेश कुमार गर्म पानी से झुलसी महिला के इलाज में जुट गए। वही महिला की पहचान रिंकू कुमारी पति बीरबल दास के रूप में हुई है। इसको लेकर डॉ. मुकेश कुमार ने बताया कि महिला 15त्न जली हुई है जिसका इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है।

## ख़ास ख़बर

## श्रावणी मेला 2023 के दौरान मालदा मंडल द्वारा मेला व्यवस्था





**भागलपुर/**श्री श्यो कुमार प्रसाद एडीआरएम एमएलडीटी, श्री कार्तिक सिंह सीनियर द्वारा श्रावणी मेला व्यवस्था के पूर्व निरीक्षण किया गया। डीसीएम एमएलडीटी (एल.ए.), श्री असीम कुमार कुल्लू, डीएससी/एमएलडीटी, श्री रमेश चंद्र बिरुली, स्टेशन निदेशक/बीजीपी (मेला के लिए समन्वय अधिकारी भी), डीईएन-2 श्री विद्युत मंडल, श्री अमर कुमार मेला अधिकारी और अन्य अधिकारी। निरीक्षण का उद्देश्य 04.07.2023 से 31.08.2023 तक मेला अवधि के दौरान सुल्तानगंज स्टेशन पर अतिरिक्त सुविधाओं की व्यवस्था देखना था। एडीआरएम समेत अन्य अधिकारियों ने एक-एक कोने का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखी गयी. मालदा मंडल मेला यात्रियों के मार्गदर्शन और सहायता के लिए आरपीएफ कर्मियों, वाणिज्यिक कर्मचारियों और अन्य विभागों के कर्मचारियों को प्रदान कर रहा है। यात्रियों के संचलन पर विशेष जोर दिया जाएगा क्योंकि प्लेटफार्मों और भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में यात्रियों को रोकने से अराजकता पैदा होगी।रेलवे की ओर से कई सुविधाएं एवं व्यवस्थाएं इस प्रकार हैं।भीड़ पर नजर रखने के लिए पीएफ-1 पर दो सिरों पर सर्च लाइट के साथ 02 वॉच टावर लगाए जाएंगे। एक बहुविषयक प्रतियोगिता

## रिटायर शिक्षक और कर्मियों को कुलपति ने किया सम्मानित, सौंपे पेंशन के कागजात





**भागलपुर।** तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय (टीएमबीयू) के कुलपति प्रो. जवाहर लाल ने शनिवार को लालबाग स्थित अपने आवासीय कार्यालय में 30 जून को रिटायर किये एक शिक्षक और दो कर्मियों को सम्मानित किया।पीआरओ डॉ दीपक कुमार दिनकर ने बताया कि कुलपति ने मानविकी संकाय के डीन व पीजी इंग्लिश विभाग के प्रोफेसर डॉ उदय कुमार मिश्रा और बीएन कॉलेज के शिक्षकेत्तर कर्मी जगरनाथ प्रसाद और शंभु नाथ सिंह को बुके, अंग वस्त्र, मोमेंटो आदि देकर सम्मानित किए। साथ ही रिटायर किये सभी लोगों को पेंशन के कागजात भी सौंपे।इस अवसर पर कुलपति प्रो. लाल ने कि की शिक्षक का पेशा दुनिया का सबसे बेहतरीन पेशा है। शिक्षक राष्ट्र निर्माता होते हैं। एक सभ्य समाज के निर्माण में शिक्षकों की अतुलनीय भूमिका है।उन्होंने कहा की शिक्षक और कर्मचारी विश्वविद्यालय के रीढ़ और आधार स्तंभ हैं। इनके सहयोग से ही विश्वविद्यालय आगे बढ़ रहा है। उन्होंने रिटायर शिक्षक और कर्मियों के उज्ज्वल भविष्य और बेहतर स्वास्थ्य की कामना की है।इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कई अधिकारी और पेंशन शाखा के कर्मी मौजूद रहे।

## श्रावणी मेला की तैयारी को लेकर जिलाधिकारी ने विभाग के सभी अधिकारियों के साथ मेले की तैयारी को लेकर किया निरक्षण

### श्रावणी मेला उदघाटन स्थल, अजगैविनाथ गंगा घाट, कच्ची कांवरिया पथ का निरक्षण करते हुए जायजा





**भागलपुर/रिपोर्ट=शैलेन्द्र कुमार गुप्ता/**भागलपुर सुलतानगंज के अजगैविनाथ धाम में चार जुलाई से विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला प्रारंभ होना है इसके लिए श्रावणी मेला की तैयारी को भागलपुर डीएम सुब्रत कुमार सेन ने जिला एंव प्रखण्ड के अधिकारियों के साथ नमामि गंगे घाट, श्रावणी मेला उदघाटन स्थल, अजगैविनाथ गंगा घाट, कच्ची कांवरिया पथ का निरक्षण करते हुए जायजा लिया

इस दौरान स्थानीय विधायक प्रो. ललित नारायण मंडल ने भी अजगैविनाथ गंगा घाट व नमामि गंगे घाट का निरक्षण करते हुए डीएम सुब्रत कुमार सेन को नमामि गंगे घाट एंव अजगैविनाथ गंगा घाट में कांवरियों को हो रही समस्याओं के बारे में अवगत करते हुए जल्द से जल्द ठीक कराने की बात कही वही भागलपुर डीएम सुब्रत कुमार सेन ने विभाग के सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए जल्द कार्य पुर्ण करने की बात कही इस दौरान डीएम सुब्रत कुमार सेन मिडिया को बताया कि चार जुलाई से श्रावणी मेला प्रारंभ होना है इस बार दो माह का श्रावणी मेला है इसके लिए विभाग के सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए जल्द कार्य पुर्ण करने की बात कही गई है कांवरियों की सुविधाओं के लिए गंगा घाट से लेकर कच्ची कांवरिया पथ तक विभाग के द्वारा सारी तैयारी लगभग पुर्ण कर ली गई है जो कमी है उसे भी विभाग के द्वारा जल्द पुर्ण कर ली जाएगी कांवरिया के लिए मनोरंजन की व्यवस्था नमामि गंगे घाट एंव धांधीबेलारी धर्मशाला में अगले वर्ष की तरह इस वर्ष भी कलाकारों के द्वारा किया जाएगा इस बार उदघाटन में बडे कलाकार कैलाश खैर की आने की उम्मीद की बात कही गई और उदघाटन में गणमान्य लोग पहुचने की बात कही सुचना मिलने पर कौन कौन आ आएगें बता दिया जाएगा गंगा का जल स्तर में वृद्धि के सवाल पर कहा कि गंगा व कौडी मैं गंगा का जल स्तर बढ रहा है इसके लिए अभीयंताओ के द्वारा गंगा घाट में तैयारी की जा रही जहाँ जहाँ जरूर पडेगा आवश्यकता अनुसार कार्य की जाएगी की बात कही इस दौरान एडीएम महफूज आलम, डीडीसी कुमार अनुराग, सदर एसडीओ धन्नजय कुमार, डीसीएलआर अन्नु कुमारी, कार्यपालक पदाधिकारी अभीनव कुमार, डीएसपी डॉ. गौरव कुमार, थानाध्यक्ष प्रिय रंजन कुमार, विडिओ मनोज कुमार मुर्मू, अकबरनगर थानाध्यक्ष प्रिय रंजन सहित तमाम विभाग के अधिकारी मौजूद थे

## एक नई चेतना-स्फूर्ति ,उमंग-उल्लास के साथ लायनेस्टिक वर्ष 2023-24 का अगाज



**भागलपुर/**एक नई चेतना-स्फूर्ति ,उमंग-उल्लास के साथ लायनेस्टिक वर्ष 2023-24 का अगाज करने के लिए लायन्स क्लब ऑफ भागलपुर के सदस्य आज 01 जुलाई 2023 को श्री गौशाला, भागलपुर में एकत्रित हुए हैं ।सर्वप्रथम गौ माता की सेवा "निष्ठा" दृंढ निश्चय के साथ सेवा कार्य प्रारंभ करने का संकल्प लिया गया। गौ माता की पूजा की गई उन्हें रोटी खिलायी गई। हम सभी के स्वास्थ्य के रक्षक का सम्मान डाक्टर्स डे और आर्थिक जगत के रक्षक का सम्मान चार्टर डे " हर्ष" उल्लास के साथ मनाया गया। सिविल सर्जन डॉ.अंजना कुमारी को अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया ।सीए पुनीत चौधरी, सीए नीलेश अग्रवाल, सीए अम्बरीष अग्रवाल, सीए अजय भगत, सीए मुरारी खेतान, सीए सुनील दारूका, सीए दीपक सुल्तानिया, सीए कमल किशोर, सीए सुमित सरैया, सीए श्रवण सलारपुरिया, सीए अभिषेक अग्रवाल जी को अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया।पौधारोपण "पल्लव" नव कोमल पत्ता जिसके तहत सभी लायन कम से कम एक पौधा लगा रहे हैं और उसकी देखभाल का दायित्व भी ले रहे हैं।ऑवला, बेल, महोगनी, सांगवान, कदम, पीपल एवं जामुन के पांच- पांच पौधे लगाए गए। कार्यक्रम के संयोजक लायन ई. रंजीत कुमार सिंह, लायन डॉ.पंकज टण्डन,लायन विरेन्द्र कुमार मिश्रा, लायन पुरूषोत्तम गुप्ता हैं।लायन्स क्लब ऑफ भागलपुर के नये अध्यक्ष लायन मनोज कुमार शर्मा और सचिव लायन प्रदीप जालान ने सभी को नये लायनेस्टिक वर्ष की सभी को बधाई दी और कहा कि दृंढ निश्चय के साथ हम सभी लायन बंधुओ के साथ सेवा कार्य कर हर जरूरत मंद तक सेवा का लाभ पहुंचाएंगे।लायन्स इन्टरनेशनल जिला तीन सौ बाइस ई के सर्विस कॉर्डिनेटर लायन डॉ.पंकज टण्डन, रीजनल कॉर्डिनेटर लायन सुरेश कुमार भिवानीवाल, जोनल चेयरपर्सन लायन अमर नाथ चमड़िया, लायन ज्योति पुंज मेहरोत्रा,लायन ब्रह्मदेव प्रसाद साह ,लायन बद्री प्रसाद छापोलिका, लायन मनीष बुचासिया, लायन प्रवीण कुमार,लायन आत्माराम झूनझूनवाला, लायन अशोक बंसल, लायन अनिल सिंहानिया, लायन अमित टिबडेवाल, लायन प्रदीप गुप्ता,लायन रूपम गुप्ता, लायन किशन लाल भालोटिया, लायन डॉ.सृष्टि अग्रवाल, लायन अमित अग्रवाल ने सेवा कार्य में हिस्सा लिया। लायन्स सेवा केन्द्र हडियापट्टी में ऑखों की भी जांच की गई।

## पहली बारिश में नगर निगम की खुली पोल, भोलानाथ पुल को नहीं मिल पाया कोई तारणहार ,रिवर फंट धसे, कई जगह सड़कों में हुए गड्ढे, सड़कें नालों में तब्दील





**भागलपुर, रिपोर्ट=शैलेन्द्र कुमार गुप्ता/** पहली बारिश में ही स्मार्ट सिटी भागलपुर के कई इलाके जलमग्न हो गए ,कई सड़कें नालों में तब्दील हो गई, रिवरफ्रंट का चल रहा काम धस गया, कई क्षेत्रों में सड़कें धंस गई, भागलपुर का सबसे बड़ा राजनीतिक मुद्दा भोलानाथ पुल मानव बाट जोह रहा हो कि कोई तारणहार आए और इस जलजमाव से निजात दिलाएं हालांकि भोलानाथ पुल का भी काम जल्द शुरू होना है लेकिन अभी स्थिति पहले जैसी है,भोलानाथ पुल में तीन से चार फीट पानी भरा हुआ है। वही आम लोग इसी से पार होकर निकल रहे हैं। कई मोटरसाइकिल तो बीच में ही बंद हो जा रही है। वही कार के बोनट पर पानी भर जा रहा है, और किसी तरीके से लोग पानी से निकलने के लिए मजबूर हैं। बौसी पुल होकर लोग बायपास सहित कई मोहल्लों के साथ-साथ इधर से ही झारखंड के गोड्डा और कहलगांव भी जाते हैं।

## लायंस क्लब ऑफ भागलपुर रॉयल ने अपने नये लायन सत्र 2023-2024 का शुभारंभ

**भागलपुर/**लायंस क्लब ऑफ भागलपुर रॉयल ने अपने नये लायन सत्र 2023-2024 का शुभारंभ आज नेशनल डॉक्टर्स डे एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट डे मना कर किया।इस अवसर पर शहर के सुविख्यात 11 चिकित्सक एवं 3 CA को रॉयल लायंस द्वारा सम्मानित किया गया। सभी को संस्था ने अंगवस्त्र के साथ साथ स्मृति चिन्ह प्रदान किए और उनके द्वारा किए जा रहे जनउपयोगी और राष्ट्र निर्माण के कार्यो के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।सम्मानित किये गये चिकित्सकों में डा. आशुतोष रंजन, डा. आशुतोष कुमार, डा. मोना गोयल, डा. कुमार गौरव, डा. कुमार सौरव, डा. प्रणव कुमार, डा. कौशल किशोर, डा. नितीश चंद्र दुबे, डा. अन्वेषा, डा. अमरेंद्र कुमार एवं डा. दयानंद सिंह थे। CA रवि राजगढ़िया, CA निधि राजगढ़िया एवं CA राकेश खेमका को भी संस्था ने सम्मानित किया।इस अवसर पर रॉयल अध्यक्ष प्रशांत सुचंती, सचिव अमन शर्मा, कोषाध्यक्ष विनीत अग्रवाल, पूर्व जिलापाल अनुपम सिंहानिया, रीजन चेयरमैन रितेश सहेला, निकिता सुचंती, शिखा सिंहानिया, अविनाश साह, आलोक सिंघानिया, विशाल बाजोरिया, अमित कुमार साह, प्रीतम कुमार एवं अन्य उपस्थित थे।

## नए टाउन हॉल में "भागलपुर महोत्सव 23" का आयोजन करने का निर्णय नागरिक विकास समिति की बैठक







**भागलपुर/**नए टाउन हॉल में "भागलपुर महोत्सव 23" का आयोजन करने का निर्णय नागरिक विकास समिति की बैठक में लिया गया द्य श्रीमती रत्ना गुप्ता की अध्यक्षता में आज संध्या अंगार कंपलेक्स में समिति की बैठक हुई संगठन सचिव आनंद श्रीवास्तव ने बताया कि इस वर्ष दिसंबर माह में भागलपुर महोत्सव का आयोजन किया जाएगा ,जिसमें कई राष्टीय कलाकार भाग लेंगे द्य उन्होंने कहा कि नरेश शाह के संयोजन में संचालन समिति का गठन अगले माह किया जाएगा इस वर्ष महोत्सव को ऐतिहासिक बनाने की पहल की जाएगी महोत्सव का उद्घाटन संवैधानिक प्रमुख से कराने का अनुरोध किया जाएगा सलाहकार रमण कर्ण ने कहा कि विधि-व्यवस्था की समस्या एवं ट्रैफिक समस्या को लेकर शीघ्र "नागरिक-प्रशासन संवाद" का आयोजन किया जाएगा । बैठक में संस्था के सभी आय-व्यय का 31 मार्च 23 तक का ऑडिट रिपोर्ट श्री प्रदीप झुनझुनवाला द्वारा कराया गया, जिसे प्रस्तुत किया गया द्य समिति ने पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम एवं शहरी जलापूर्ति की समस्या के लिए प्रशासन से शीघ्र शिष्टमंडल मिलने का निर्णय लिया सदस्यों ने बिजली आंदोलन को नैतिक समर्थन देने की बात कही सदस्यों ने बिजली विभाग से मांग की कि पहले वह नागरिकों को स्मार्ट मीटर के अधिक रीडिंग होने की बात का सत्यापन कराएं तत्पश्चात वह नया मीटर लगाएं बैठक के अंत में समाज सेविका एवं महिला कोषांग हेल्पलाइन की संयोजिका विजया मोहिनी के द्वितीय पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित की गई विचार विमर्श में अभय कांत झा, आनंद श्रीवास्तव, नीरा दयाल, रत्ना गुप्ता ,डॉली मंडल ,रमन कर्ण, नरेश शाह,नीरज जयसवाल , विनोद धनधानिया एवं नितेश नंदा सहित कई सदस्य उपस्थित थे

## भोलानाथ पुल में एप्रोच पथ के साथ जलजमाव की समस्या क़ो लेकर परियोजना अभियंता से भाजपा ज़िलाध्यक्ष की मुलाक़ात



**भागलपुर/**बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के भागलपुर परियोजना अभियंता श्रीकांत शर्मा से औपचरिक मुलाक़ात कार्यालय में हुई। जिला अध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया की मुलकात के क्रम में भोलानाथ फ्लाइओवर का दो जगहों में अप्रोच रोड जो डिक्शन रोड एवं इशाकचक पहुंच पथ को शामिल करने, भोलानाथ पुल के नीचे जलजमाव का स्थाई समाधान एवं नाली निर्माण जो हो रहा है उसका वाटर लेवल बौसी पुल तक एक समान हो जिससे पानी नहीं जमा हो।श्रावण मास में भोलानाथ पुल से शीतला स्थान तक कवड़िया यात्रियों क़ो गंदा पानी से नहीं गुजरना पड़े इसकी समुचित व्यवस्था किया जाये।साथ ही जो कार्य चल रहा है उसमे तेजी लाने के साथ विभिन्न जनहित के मुद्दो पर विस्तार से सार्थक चर्चा की।अभियंता ने जिला अध्यक्ष क़ो आश्वासन दिया है की जल्द स्वम स्थल निरक्षण कर समस्याओं का समाधान करेंगे।

**दौरा** गोलीबारी कांड में मारे गये बीजेपी नेता प्रशांत बसु निया रॉय के घर आये थे

## जैसे ही राजनीतिक संघर्ष गरमाया, दिनहाटा ने सुर्खियां बटोरीं। राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने किया दौरा



**भागलपुर/**शनिवार को वह कूचबिहार के सर्किट हाउस से दिनहाटा की ओर निकले. शुरुआत में वह गोलीबारी कांड में मारे गये बीजेपी नेता प्रशांत बसु निया रॉय के घर आये थे. उसके परिवार वालों से बात करें. बाद में, वह इस वर्ष के पंचायत भाजपा उम्मीदवार शंभू दास के रिश्तेदार के घर के लिए रवाना हुए, जो एक हत्या में मारे गए थे। अंततः वह दिनहाटा उप-जिला अस्पताल में दाखिल हुआ। उस अस्पताल में भर्ती होने के दौरान उनकी मुलाकात निवर्तमान तृणमूल प्रमुख की पत्नी से हुई। राजनीतिक गलियारों में सवाल उठ रहे हैं. राज्यपाल दिनहाटा उपमंडल वह इलाका है जहां राजनीतिक टकराव का पारा चरम सीमा पर पहुंच गया है.उस दिशा में नजर रखकर निरीक्षण को आएंगे।कुल मिलाकर राज्यपाल के दौरे और निर्देश से राजनीतिक गलियारों में संकेत मिल रहे हैं. कुछ दिन पहले ही पंचायत चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया खत्म हुई थी.लेकिन राजनीतिक संघर्ष का चरम पक्ष सामने आने लगा.कहां फिर है तृणमूल पर हमला या कहां है बीजेपी पर हमला. लेकिन कांग्रेस और सीपीएम पर हमला नहीं रुका.गीतल दहर के जरी धरला इलाके में बारिश और बारिश के कारण तृणमूल बनाम भाजपा के बीच झड़प। उस गोलीबारी में एक तृणमूल कार्यकर्ता की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए.उस घटना में तृणमूल और बीजेपी निशाने पर आ गयी थी. पिछले कुछ महीनों में बीजेपी नेता प्रशांत रॉय की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी.आरोप का तीर बीजेपी समर्थित उपद्रवियों पर है.तृणमूल कांग्रेस का दावा है कि आरोप बेबुनियाद हैं.तियादह इलाके में रात के अंधेरे में भाजपा प्रत्याशी के रिश्तेदार की हत्या कर दी गयी, तो आरोप तृणमूल आश्रय प्राप्त बदमाशों पर लगा है. दावा है कि आरोप निराधार हैं।

## चलते-चलते हार्टअटैक से कांवरिये की मौत






**भागलपुर/** सुल्तानगंज से शुक्रवार को एक दुखद घटना सामने आयी है. जिसमे एक कांवरिया की हार्ट अटैक से मौत हो गयी है 7 मृतक कांवरिया की पहचान हावड़ा लिलवा के वार्ड नंबर 62 निवासी कमल सिंह के रूप में हुई जो अपने साथी कांवरिया के साथ बाबा भोलेनाथ को जलार्पण करने देवघर जा रहा था तभी कच्ची कावरिया पथ पर अचानक दिल का दौरा पड़ गया.

जिससे वह मूर्छित होकर जमीं पर गिर पड़ा।घटना में उसकी मौके पर ही मौत हो गयी. वही इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना को देखकर ग्रामीण और साथी कांवरिया तुरंत मदद के लिए दौड़े. जिसके बाद उसे सुल्तानगंज रेफरल अस्पताल पहुंचाया जहां डॉ. कुंदन भाई पटेल ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।डॉक्टर ने बताया की दिल का दौरा पड़ने से उनकी मृत्यु हो गई है. इस दौरान मृतक के साथ आये कांवरियों ने उसके परिजनों को घटना की जानकारी दी. फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

मुद्रक स्वामी प्रकाशक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा शुभ लाभ प्रिंटर्स मावली उदयपुर स्थानीय संपादक मो0 शरफे आलम बिहार, झारखण्ड मो0- 7764978689 - 8804707324
सह संपादक : उमेश कुमार, 96259 58256 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UP HIN/ 2015/64737, पी आरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।